26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 29 जून, 2026
अंक- 245 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# श्यामपुर में हुई दुर्घटना में बढ़ापुर के तीन लोगों की मौत

## मृतकों में मां-बेटा शामिल

## फ्लाईओवर पर हुई पिकअप व बस की टक्कर

**श्यामपुर/बढ़ापुर (चिंगारी)। नजीबाबाद -हरिद्वार मार्ग पर थाना श्यामपुर क्षेत्र में फ्लाईओवर के पास रोडवेज बस और एक पिकअप वाहन के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में बढ़ापुर निवासी मां- बेटे सहित तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दुर्घटना में पत्नी और बेटे को खोने वाला व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसका एम्स ऋषिकेश में उपचार चल रहा है।**

बढ़ापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां के मुहल्ला ठाकुरान निवासी शराफ़त (42 वर्ष) परिवार सहित चंडीगढ़ में रहकर कपड़े धोने व प्रेस करने का कार्य करता था। जबकि शराफ़त का पड़ोसी फहीम (32 वर्ष) पुत्र मरहूम अमानत हुसैन भी चंडीगढ़ में फर्नीचर पर पॉलिश का कार्य करता था। गत रात्रि शराफत अपनी पत्नी शबाना (30 वर्ष) व पुत्र अयान (17 वर्ष) के साथ बढ़ापुर के लिए एक पिकअप वाहन में सवार होकर चले थे। पिकअप में बढ़ापुर निवासी फहीम भी सवार था। नजीबाबाद-हरिद्वार मार्ग पर पिकअप और श्यामपुर में फ्लाईओवर पर नजीबाबाद की ओर से जा रही टनकपुर डिपो की रोडवेज बस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वाहन के परखचे उड़ गए जबकि रोडवेज बस भी ड्राइवर साइड से क्षतिग्रस्त हो गई और पिकअप में सवार दो व्यक्ति फ्लाईओवर से नीचे जा गिरे।

हादसा होते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। इस दुर्घटना में बढ़ापुर निवासी अयान पुत्र शराफत, शबाना पत्नी शराफत तथा फहीम पुत्र अमानत हुसैन की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि शराफत गंभीर रूप से घायल है जिसे पुलिस ने उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि दुर्घटना के समय पिकअप में 10 लोग सवार थे। जिनमें से चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। दुर्घटना में बढ़ापुर के तीन लोगों की मौत से दोनों के परिवारों में मातम छाया हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी हरिद्वार तथा कोतवाली प्रभारी श्यामपुर एवं चौकी चंडीघाट पुलिस बल मौके पर पहुंचे और घायलों को एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भेजा। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईड्रा बुलाकर हटाया गया। इसके बाद यातायात सामान्य हो गया।

**Teachers Required**

**T.G.T.-** English, Maths, Science,
**PRT-** Nursery Teachers All Subjects.
**Atractive salary**
Please Contact with your Testemonials.
between 8:AM to 12:00 Noon
**From 23.6.25 to 30.6.25**
St. John's School, Nai Basti B-14, Bijnor
9927979617, 9837801885



**आदर्श आयुर्वेदा**
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

**KUNWAR SATYAVIRA**
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH.
(BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A.
(FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE)
Batch 2022-2026
PLACED IN tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in



## सिया के इशारे पर चेतन ने केतन को धक्का दिया

पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में पुलिस ने कई खुलासे किए है। पुलिस के मुताबिक, 18 जून को लोहगढ़ किले पर सिया गोयल ने पानी पीने या जूते का फीता बांधने के बहाने बैठकर चेतन चौधरी को इशारा दिया। इसके बाद पीछे चल रहे चेतन ने केतन को खाई में धक्का दे दिया। पुलिस का कहना है कि चेतन गिरते वक्त सिया को पकड़ न सके, इसलिए वह बैठ गई थी।

**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।
कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404



**SB COLLEGE**
SBC
NIOS
(Ministry of Education, Govt. of India)
DNYS (2½ Years)
G.J.U., MORADABAD
BA LLB (5 Years)
LLB (3 Years)
ADMISSION OPEN
100% SCHOLARSHIP
6 KM Mile Stone, Bijnor- Noorpur Road, Near Dharampura, Bijnor- 246728 (U.P.)
7251999223, 9711144628, 7251999225

# रजिस्ट्री को डिजीटल करने के विरोध में धरना जारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा बनाए जा रहे फ्रंट ऑफिस रजिस्ट्री के डिजिटलाइजेशन के विरोध में दस्तावेज लेखक, अधिवक्ता तथा स्टाम्प विक्रेता ने सरकार के फैसले के विरोध में कार्य बहिष्कार व अनिश्चितकालीन धरना 12 वें दिन भी जारी रखा। वह पूर्ण रूप से कार्य का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन धरने पर डटे रहे। धरने में बिजनौर से आये ज्ञानेंद्र सिंह अध्यक्ष जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन, सोमपाल जिलाध्यक्ष दस्तावेज लेखक संघ बिजनौर,



नजीबाबाद बार एसोसिएशन के महासचिव नदीम अहमद एडवोकेट ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि जब तक उत्तर प्रदेश सरकार इस काले

**रजिस्ट्री आफिस में धरने पर बैठे स्टाम्प विक्रेता व लेखकगण।**

कानून को वापिस नहीं लेती तो उनका धरने का समर्थन रहेगा।

धरने में बड़ी तादाद में दस्तावेज लेखक अधिवक्ता एवं स्टाम्प विक्रेता शामिल रहे। धरना प्रदर्शन में अध्यक्ष मोहम्मद असलम, महासचिव सौरभ कुमार, भानु प्रकाश, शहजाद आलम एड, अहसान अंसारी, रुचिर तोमर एड, मौ दानिश, रणधीर सिंह, तेजपाल सिंह, बहार आलम एड, अब्दुल रब, फुरकान अहमद, हरिओम सिंघल, मौ आसिफ, मौ साकिब, आदिल हुसैन एड, रविराज कश्यप, तरुण वीर, हेमराज सिंह, मृदुल शर्मा, प्रबल तोमर, तसलीम अहमद, पवन कुमार, रविराज आदि मौजूद रहे।

## बसपा ने पिछड़े समाज को सम्मान व राजनीतिक मंच दिया: सत्यपाल कश्यप

नजीबाबाद ( चिंगारी )। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में पिछड़ों के सम्मान में बहन मायावती मैदान में एक दिवसीय पिछड़ा वर्ग कार्यकर्ता भाईचारा कमेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता विजेंद्र सिंह कश्यप एवं संचालन नंदराम प्रजापति मंडल जोन प्रभारी ने किया। सम्मेलन में सत्यपाल कश्यप मंडल संयोजक भाईचारा कमेटी ने कहा कि बसपा ने पिछड़े समाज को गौरव, सम्मान व राजनीतिक मंच दिया है। डॉ. पूजन प्रसाद मंडल सह संयोजक भाईचारा कमेटी ने कहा कि बहन मायावती ने अपने चार बार के शासन में गरीबों व पिछड़े एवं सर्वसमाज के लिए सबसे ज्यादा कार्य किए हैं। इसीलिए बसपा के शासन को जनता याद कर रही है। विजेंद्र सिंह कश्यप जिला संयोजक भाईचारा कमेटी ने कहा कि बसपा ने पिछड़े वर्ग को आरक्षण दिलाया। बैठक मे नन्दराम प्रजापति, जसवंत सिंह जोन प्रभारी मुरादाबाद मंडल, विजेंद्र कश्यप, जिला संयोजक भाईचारा कमेटी, संजीव सैनी जिला महासचिव, नरेंद्र कुमार रवि, विधानसभा प्रभारी, सुरेंद्र सिंह, सुरेश कुमार रवि, इफ्तार उर्फ भूरे, डॉ. कलवा विश्वकर्मा, अजय कुमार, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र पाल शर्मा, पावेल शर्मा, मनोज शर्मा, अंकुर शर्मा, विपुल विश्वकर्मा, राजेंद्र शर्मा, शुभम शर्मा, टीकम सिंह कश्यप, मानसिंह कश्यप, ओमपाल सिंह कश्यप, हेमराज सिंह कश्यप, गजराज सिंह कश्यप, अमरदीप सिंह कश्यप, सचिन कश्यप, चंद्रपाल सिंह सैनी, पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह कश्यप, मोहित कश्यप, यश कश्यप, विपिन कश्यप, रणबीर कश्यप, दीवान सिंह कश्यप, तेजपाल सिंह कश्यप, कीर्ति कश्यप, पवन कश्यप, प्रशांत कश्यप, बलराम कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## जीवन का हर क्षण इंसानियत व भक्ति में बितायें: माता सुदीक्षा

### जोन स्तरीय संत निरंकारी बाल समागम का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशन में जोन स्तरीय संत निरंकारी बाल समागम संत निरंकारी सत्संग भवन ब्रांच नजीबाबाद में संपन्न हुआ। जिसमें ठाकुरद्वारा, उदयपुर, कांठ, मुरादाबाद, बिजनौर, नजीबाबाद, धामपुर, नगीना आदि के बाल संगत के बच्चों ने हिस्सा लिया। निरंकारी मिशन बचपन से ही बच्चों को बाल संगत व बाल समागम के माध्यम से जन समाज को संदेश दे रहे हैं कि मानव अपने जीवन का हर क्षण इंसानियत व भक्ति में बिताए। बाल समागम में बच्चों ने अनेक कार्यक्रम गीत, कव्वाली, इंग्लिश कविता, नाटक, विचार आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बाल समागम में आगरा से आए प्रचारक महात्मा अमन महेंद्र ने सतगुरु का आशीर्वाद प्रदान किया। प्रसन्न तथा संत निरंकारी मिशन के बरेली जोन के जोनल इंचार्ज संजीव अग्रवाल, ब्रांच नजीबाबाद के ब्रांच मुखी मोहन खुराना, संचालक मुकेश सहगल, शिक्षक संजीव हल्दिया, संजीव बिश्नोई, रोहित, नमृता, निशा चौहान, अरविंद शर्मा तथा समस्त सत संगत की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर संत निरंकारी मिशन के मीडिया सहायक एडवोकेट डीके कश्यप ब्रांच नजीबाबाद भी मौजूद रहे।



## व्यापारियों ने छबील लगाकर राहगीरों को किया ठंडे शर्बत का वितरण



नजीबाबाद ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन शाखा नवाब नजीबुद्दौला ( लाहोटी मार्केट ) में भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए ठंडे शर्बत की छबील का आयोजन किया गया। छबील का शुभारंभ जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ व जिला महासचिव रईस कुरैशी ने फीता काटकर किया। छबील में ठंडा शर्बत ( रूहअफजा ) पीकर राहगीरों ने गर्मी से कुछ राहत महसूस की। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, नगर अध्यक्ष शेर अली, नगर महामंत्री सुशील कुमार, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा, शाखा मंत्री योगेश राजपूत ( मोनू ), शाखा मंत्री आशु, जावेद, बिट्टू, अय्यूब, दीपांशु वर्मा व संगठन के सभी सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर

के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

कालाबाज़ारी करने पर राशन डीलर के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज ( पेज 11 )



# तीन दिन पूर्व कर्णप्रयाग में नदी में डूबे दोनों युवकों का अभी तक कोई सुराग नहीं

## परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** शनिवार की दोपहर उत्तराखंड के कर्णप्रयाग में डंपर सहित तेज बहाव वाली गहरी नदी में डूबे नगर के मोहल्ला मुमताज हुसैन निवासी मान्नूको के खानदान के दो युवकों मौ. उमेर पुत्र मौ. याकूब व मौ. अदनान पुत्र मौ. अय्यूब का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। दोनों युवकों के कई परिवारजन व कई अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे हुए हैं। वहां मौके पर मौजूद नगर निवासी युवा किसान नेता वसीम गुर्जर ने बताया कि



मौ. उमेर   मौ. अदनान

एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व स्थानीय प्रशासन की टीमें प्रयास में लगी हैं। दोनों युवकों को तलाशने को टीमों द्वारा हर एंगल से भरसक प्रयास किया जा रहा है मगर अभी तक वाहन व दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। बताया जा रहा है कि उत्तराखंड के कर्णप्रयाग स्थित अलकनंदा नदी में जिस स्थान पर दोनों युवकों सहित डंपर गिरा है, वह बहुत गहरी जगह है, जहां गाड़ी तक का पता लगाना असंभव सा लग रहा है। उधर, हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है तथा नगर में गम का माहौल है। हादसे का शिकार दोनों युवक आपस में तयेरे-चचेरे भाई हैं, दोनों अविवाहित हैं और वहां डीजल मैकेनिक का काम किया करते थे।


# डेढ़ साल के बेटे को गोद में लेकर तालाब में कूद गई

**पैजनिया ( चिंगारी )।** पति द्वारा बेटे का मुंडन ना कराने से नाराज एक विवाहिता अपने डेढ़ साल के पुत्र को गोद में लेकर तालाब में कूद गई। हालांकि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मां-बेटे को सकुशल बचा लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पति-पत्नी को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर में आज सुबह यानी आज 7:00 बजे गांव निवासी स्वाति अपने पति गौरव से अपने डेढ़ वर्ष के बेटे का मुंडन करने की जिद कर बैठी। परिजनों के मुताबिक पिछले माह ही उन्होंने बच्चे का हरिद्वार में मुंडन कराया था। बावजूद इसके वह दोबारा बच्चे का मुंडन कराने की जिद पर अड़ी थी। पति के मना करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया, जिससे नाराज होकर स्वाति अपने डेढ़ वर्ष के पुत्र को गोद में उठाकर घर के नजदीक तालाब में कूद गई। पैजनिया चौकी पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर पति-पत्नी को समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया है।

**बेटे का मुंडन कराने को लेकर पति से हुआ था विवाद**

# नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिलेगी नई रोशनी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कोटद्वार निवासी स्वर्गीय श्री जनकराज लूथरा (71 वर्ष) के निधन के बाद उनके परिवार ने मानवता और सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेत्रदान कराया। दिवंगत के बेटे मोनिक लूथरा ने अपने पिता जी की आखें दान करने की इच्छा जताई और सरदार गुरबिंदर सिंह (मुरदाबाद वाले) एवं गोपाल नारंग जी ने निर्मल आश्रम नेत्र संस्थान को सूचना दी। संस्थान की टीम डॉ. तुषार और श्री मक्रेंदु ने दिवंगत के निवास पर पहुंचकर सफलतापूर्वक कार्निया प्राप्त किये। इस नेत्रदान के माध्यम से अब दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी आएगी और वे इस सुन्दर संसार को देख सकेंगे। निर्मल आश्रम नेत्र संस्थान प्रशासन ने परिवार की सेवा भावना और सामाजिक जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि नेत्रदान महादान है, जो किसी व्यक्ति को नया जीवन देने के सामान है। संस्थान ने लोगों से अपील की कि मृत्यु के बाद नेत्रदान के लिए आगे आयें, ताकि हजारों नेत्रहीनो लोगों के जीवन में उजाला लाया जा सके।



स्व. श्री जनकराज लूथरा

**नेत्रदान के लिए आवश्यक बातें : मृत्यु के छह घंटे के भीतर आंखें दान की जा सकती हैं। इस दौरान मृतक की आंखें बंद रखनी चाहिए, उन पर गीली रुई रखनी चाहिये तथा कमरे में पंखा बंद और यदि संभव हो तो ए.सी. चालू रखना चाहिए। सिर के नीचे तकिया रखने से भी प्रक्रिया में सहायता मिलती है। नेत्रदान करने के लिए संपर्क कर सकते हैं- +91-9837607526**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में उबैदुल्ला UBAIDULLAH लिखा है, जबकि मेरा सही नाम उबैदुल्ला अन्सारी UBAIDULLAH ANSARI है। भविष्य में मुझे उबैदुल्ला अन्सारी के नाम से जाना जाये। **-उबैदुल्ला अन्सारी पुत्र मो. हाशिम निवासी ग्राम करौन्दा पचदू परगना व तहसील नगीना थाना कोतवाली देहात जिला बिजनौर**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा पुराना नाम MOHAMMAD SALIM था। मैंने अपना नाम MOHAMMAD SALIM से बदलकर MOHD SALEEM रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHD SALEEM (मौ. सलीम) पुत्र श्री बदलुद्दीन BADLUDDIN के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **- MOHD SALEEM ( मौ सलीम ) पुत्र श्री बदलुद्दीन ( BADLUDDIN ) निवासी ग्राम सेला, पोस्ट लोधीपुर मिलक ( बिजनौर )**



भली लगे या बुरी ...

## भरपाई नहीं हो पायेगी!

धरती वो तमाम चीजें मुहैया कराती है, जिन पर सभी जीवधारियों का जीवन निर्भर होता है। अन्य जीवधारियों से न तो अपेक्षा की जा सकती है और न ही वे जिम्मेदार हैं, लेकिन मनुष्य होने के नाते क्या हम धरती का ध्यान कर रहे हैं? धरती हमारा पोषण करती है और हम उसका शोषण करने में लगे हैं। सनातन संस्कृति में धरती को माता कहा जाता है, लेकिन कितने सनानती हैं, जो धरती का कर्ज चुका रहे हैं? धरती मां की तरह हमारा पालन-पोषण करती है, लेकिन क्या हम धरतीपुत्र कहलाने के अधिकारी हैं? आज चारों तरफ मिट्टी का अंधाधुंध खनन किया जा रहा है। नदियों का सीना छलनी हो रहा है। खनिजों को प्राप्त करने के लिये धरती को लहूलुहान किया जा रहा है। चारों तरफ आपाधापी मची है। पैसे की भूख ने इंसान को अंधा बना दिया है। सरकारें और संस्थाएं भी अपनी आंखों पर स्वार्थ और लोभ की पटटी बांधे हुए हैं। धरती से हमें बहुत कुछ मिल रहा है, लेकिन उसके बदले हम धरती को क्या दे रहे हैं? धरती के भीतर जल का जो अपार भण्डार था, उसका अंधाधुंध दोहन कर हमने खुद अपने लिये खतरा मोल ले लिया है। आने वाली पीढ़ियों को हम कितना भूजल छोड़कर जायेंगे, इस पर विचार किये बिना जल की निर्ममतापूर्वक बर्बादी की जा रही है।

जब पेड़-पौधों की पकड़ कमजोर होती है तब बरसात का पानी सीधा धरती पर गिरता है और वहां की मिट्टी बहने लगती है। जमीन के समतल न होने के कारण पानी को जहां भी जगह मिलती है, मिट्टी काटते हुए वह बहता जाता है। इस प्रक्रिया में नालियां बनती हैं, जो आगे चल कर गहरी होते हुए बीहड़ का रूप ले लेती हैं। एक बार बीहड़ बन जाए तो हर बारिश में वह और गहरा होता जाता है। इस तरह के भू-क्षरण से हर साल चंबल, यमुना, साबरमती, माही और उनकी सहायक नदियों के किनारे के उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार राजस्थान और गुजरात के इलाके सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। बीहड़ रोकने का काम जिस गति से चल रहा है, ऐसे में बंजर खत्म होने में दो सौ वर्ष लगेंगे और तब तक ये बीहड़ कई गुना अधिक हो चुके होंगे। दूसरी ओर, जिस भूमि पर हरी-भरी फसलें लहलहाती थीं, वहां बहुत हद तक कंक्रीट के जंगल बना दिये गये हैं। कहीं गगनचुंबी इमारतें और कालोनियां खड़ी हैं तो कहीं हाईवे और एक्सप्रेस-वे बना दिये गये हैं। भविष्य की चिंता किये बिना कथित विकास की अंधी दौड़ में हम जो नुकसान कर रहे हैं, उसकी भरपाई संभव नहीं है।

# जीवन का सच्चा दर्शन है कबीर वाणी



15वीं सदी के महान रहस्यवादी, कवि, समाज सुधारक संत शिरोमणि कबीर साहेब का 629वां प्रकाट्योत्सव आज देश में मनाया जा रहा है। उनके जीवन को लेकर भले ही कुछ किमवदन्ति रही हो, पर उनकी वाणी का हर कोई कायल है। कबीर साहेब ने अपनी वाणी से समाज में पहले पाखंड, अंधविश्वास, जाति-पाति का विरोध किया, हिंदू- मुस्लिम एकता का संदेश दिया। कबीर साहेब के दोहों में जीवन का दर्शन देखने को मिलता है। सत्य की महिमा, कल का काम आज कर, अहंकार, त्याग, निंदक की उपयोगिता आदि पर उन्होंने कटाक्ष कर जीवन जीने की शैली की कल बताई है। वर्तमान में देखें तो भारत सरकार के सबका साथ सबका विकास के नारे में कबीर वाणी की झलक साफ दिखाई देती है। सच कहूं तो हम विकसित भारत के सपने सजाए आगे बढ़ रहे हैं, पर बिना सबका साथ सबके विकास के इस सपने को पूरा करना संभव नहीं लगता है। संत कबीर के दोहे हमें प्रेम, नीति, ज्ञान, वाणी,भक्ति आदि पर शिक्षा देते हैं। देश-विदेश के तमाम राजनेताओं, शिक्षाविदों, साहित्यकारों ने उनकी वाणी को सराहा है।

जब पाखंडवाद, भेदभाव, उच्च-नीच चरम पर थी, तब संत कबीर साहेब ने वाणी के माध्यम से मानवता के बीच बढ़ रही खाई को कम करने का प्रयास किया। उन्होंने मीठी वाणी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा-

**ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोए**
**औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय**

कुछ वचन शब्द नहीं होते हुए जीवन का मार्ग बन जाते हैं। ऐसे ही उन्होंने वाणी के माध्यम से दूसरों को अपनी ओर प्रेरित करने पर जोर दिया है। उनकी वाणी सदियों से हमें जीवन की सत्य, सरलता और आत्मज्ञान का संदेश दे रही है। सत्य की महिमा भी अपरंपार है। विद्वानों का मानना है कि सत्यम का मार्ग कठिन जरूर है, परिणाम सुखद ही आते हैं। संत शिरोमणि कबीर साहेब ने सत्य की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि-

**सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर आंच**
**जाके हृदय सांच है, ताके हृदय आप**

अर्थात सच्चाई से बड़ी कोई तपस्या नहीं है और झूठ बोलने से कोई बड़ा पाप नहीं है, जिसके हृदय में सच का वास होता है ईश्वर भी उसी के साथ होते हैं।

क्या किसी ने सोचा होगा कि 15वीं सदी के महानायक संत साहेब कबीर की वाणी का गुणगान 21वीं सदी में भी होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी मगहर पहुंचकर कबीर साहेब को नमन किया है। वास्तव में देश की एकता, अखंडता के लिए संत कबीर ने जो कार्य किया, उन्हें आज भी सराहा जाता है। उनके जन्म और मृत्यु को लेकर विद्वानों में मतभेद रहे हैं, पर विद्वानों का कहना है कि दे त्याग के बाद भी संत कबीर साहेब एकता का संदेश दे गए थे। कबीर साहेब की वाणी से हमें सीख लेने की जरूरत है। उनके विचारों का समाज में प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। अवधि, सधुक्कड़ी, पंचमेल खिचड़ी जैसी भाषाओं में लिखे साखी, शब्द रामायणी, बीजक आदि का युवाओं को अध्ययन कराया जाना चाहिए। हमें समता मूलक समाज की स्थापना करनी होगी।



**राजेन्द्र कुमार भुईयार**

## ऐसी बाणी बोलिये, मन का आपा खोए...

# कबीर दास जी का मंत्र 'ईश्वर एक'

कबीर दास जी अंधविश्वास, व्यक्ति पूजा, पाखंडपन और ढोंग के घोर विरोधी थे। उन्होंने भारतीय समाज में जाति और धर्मों के बंधनों को और अंध विश्वास को तोड़ने का काम किया। वे हिंदी साहित्य के भक्तिकाल के निर्गुण शाखा के ज्ञानमार्गी उपशाखा के महानतम संत थे। उन्होंने जिस समय हिंदुओं को जबरन धर्म परिवर्तन कराने की होड़ लगी हुई थी और आपस में प्रेमभाव के बजाय एक-दूसरे धर्म की बुराइयां कर नफ़रत के बीज बोये हुए थे। लालच देकर या डरा धमकाकर प्रभावशाली लोग अपने ही धर्म में परिवर्तित करने या फिर सूफी संतों द्वारा अपने-अपने देवी-देवताओं में ही भारी आस्था और गुण बताकर अपने-अपने इष्ट देवताओं की प्रतिष्ठा और मान बढ़ाने रखने के लिए जनता में अंदर-अंदर क्रांति मची हुई थी। कोई सीधे जन्नत के लिये, तो कोई मोक्ष की प्राप्ति के लिए आतुर था। इसके लिए जनता अपने-अपने दीन के अनुसार रात-दिन कोई मस्जिद में अल्लाह-अल्लाह तो कोई मदिर में हरे कृष्णा, राधे कृष्णा, कोई राम-राम, सीता राम आदि रटते हुए मंदिरों में घंटे बजाने का काम करने में आतुर था।

ऐसे समय में कबीर दास जी का जन्म सन् 1398 में जन्म काशी के मरघट के लहरतारा नामक तालाब के निकट लावारिस अवस्था में पाया जाना बताया जाता है। भले ही उनका जन्म किसी भी परिस्थितियों में हुआ, लेकिन आम जनता की आंखें खोलने लिए एक वरदान साबित हुआ। भले ही उनका लालन-पोषण कपड़ा बूनने वाले नीरू नीमा नामक जुलाहे परिवार में हुआ। कबीर दास जी अपने पद, दोहे बनाकर और कपड़ा बुनते-बूनते हुए लोगों को अपनी ही तर्ज में समझाया करते थे कि ईश्वर सबका एक है, जिसका न तो कोई आकार है न ही कोई रंग रूप। लेकिन सभी जीवों में ईश्वर का ही अंश विद्यमान है, जिसे पाने के लिए या उसके दर्शन के लिये मंदिर, मस्जिद जाने की आवश्यकता नहीं, बल्कि अपने मन को ही पवित्र करना होगा। इसके लिए



किसी से द्वेष भावना न रखना, हर गरीब की हर संभव मदद करना और पाखंडपन, त्यागना आवश्यक है। उनका कहना था 'दुर्बल को न सताइये, जाकी मोटी हाय, मरी खाल की सांस से, लोह भसम हो जाये।'

कबीर दास जी मूर्ति पूजा के विरोधी, मानवता, प्रकृति और भाईचारे में प्रेमभाव की भावनाओं से ओत-प्रोत थे, कभी भी हिंदू-मुस्लिम में कोई भेदभाव नहीं समझते थे। स्कूली तालीम न होने के कारण स्वयं कहते थे 'मसी कागद छुवो नहीं क़लम गयो ना हाथ।'

कबीर दास जी अपने कार्य में विशेष ध्यान रखते थे। उन्होंने कभी किसी कार्य या इंसान में छोटे और बड़े में अंतर नहीं समझा। कहते थे- **'ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय, औरन को शीतल करे, आपा शीतल होय।'**

कबीर दास जी के समर्थकों और अनुयायियों ने उनके उपदेशों को साखी, सबद, रमेंणी के रूप में संकलित कर जनता के समक्ष पेश किया, जो हिंदी जगत के कवियों द्वारा बड़े ही श्रद्धा के साथ उनको याद किया जाता है। आज भी शोध हो रहा है, लेकिन उनके माता-पिता का पता भी नहीं चल पाया है। कबीर दास जी की ढेर सारी वाणी गुरुग्रंथ साहेब में चयनित हैं, जिन्हें बड़े आदर सम्मान के साथ प्रतिदिन स्मरण की जाती हैं।

कबीर दास के कुछ अनुयायी, प्रसंशक उनको नॉन बायोलॉजिकल भी मानते हैं। इसीलिये अंतिम समय में भी वे विवादित हो गये थे। कुछ लोग हिंदू बताकर श्मशान घाट, तो कुछ लोग मुस्लिम बताकर कब्रिस्तान ले जाने में द्वंद्व हो गये थे। यह भी कहा जाता है कि अंत में उनका शव ही नहीं मिला। ईश्वरीय शक्ति के कारण केवल फूलों की माला ही मिली। उनका जीवनकाल लगभग 120 साल का माना जाता है। आज यदि हम कबीर दास जी के विचारों का अनुसरण करें तो देश में ही नहीं तो सारी दुनिया में नफ़रती मौहाल प्रेम में बदल जाये।

**आर.एस.एस. कोठारी, बिजनौर**

# हिंदू वोटरों में पैठ बढ़ायेगी सपा

## गांव-गांव पीडीए सम्मेलन कर उठाएगी राम मंदिर चंदा चोरी का मुद्दा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर चंदा चोरी के मुद्दे को समाजवादी पार्टी (सपा) अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हिंदुत्व वाले नैरेटिव की धार कुंद करने के लिए इस्तेमाल करेगी। एफआईआर दर्ज होने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हिंदू वोटों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। श्री यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि सरकार बनने के बाद अयोध्या को सियाराम धाम के रूप में विकसित करेंगे और अयोध्यावासियों के अधिकारों की पुनर्स्थापना करेंगे। राजनीतिक विश्लेषक इस बयान को एक महत्वपूर्ण संदेश मान रहे हैं। सनातन मान, आस्था-श्रद्धा जैसे शब्दों का इस्तेमाल इस बात का संकेत है कि सपा अब हिंदू धार्मिक नैरेटिव से दूरी बनाकर चलने के बजाये उसमें अपनी हिस्सेदारी दर्ज कराने



की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि सपा अब अपने पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक फॉर्मूले से आगे बढ़कर भाजपा के हिंदुत्व नैरेटिव को काउंटर करने के लिए मंदिर दान विवाद को जमीनी अभियान में शामिल कर रही है। पार्टी विधानसभा और बूथ स्तर पर होने वाले सम्मेलनों के जरिए चंदा चोरी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी। रणनीतिकारों का मानना है कि यह मुद्दा सामाजिक न्याय के एजेंडे को मजबूती देगा और भाजपा समर्थकों के बीच सेंधमारी का अवसर देगा। सपा सामाजिक न्याय के साथ-साथ भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद वाले मजबूत पक्ष पर भी चोट करना चाहती है। सपा पीडीए सम्मेलनों के जरिए गांव-गांव तक यह मामला पहुंचाएगी। समाजवादी बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के कार्यकर्ता वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, गाजियाबाद, आगरा और बलिया में पीडीए पंचायतें और ट्रेनिंग कैंप कर चुके हैं। अगला कैंप 3 जुलाई को लखनऊ में होगा। पार्टी राष्ट्रीय सचिव और सांसद राजीव राय ने कहा कि कार्यक्रमों का मकसद लोगों को संविधान, सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। जब मामला जनता की आस्था और सार्वजनिक धन का हो तो हर आरोप की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि वाहिनी के हजारों कार्यकर्ता घर-घर जाकर अयोध्या में क्या हो रहा है, इस पर चर्चा कर रहे हैं। चंदा चोरी के मुद्दे पर मुखर होकर अखिलेश यह साफ संकेत देना चाहते हैं कि सपा केवल पीडीए तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि हिंदू मतदाताओं में भी स्वीकार्यता बढ़ाने की कोशिश कर रही है। यह बयान केवल धार्मिक भावनाओं से जुड़ा नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरे चुनावी संकेत और रणनीतिक उद्देश्य छिपे हैं।

# यूपी में एक जुलाई से स्कूल बसों की होगी सघन जांच

## 40 किमी/घंटा से अधिक रफ्तार पर होगी सख्त कार्रवाई

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग 1 जुलाई से राज्यव्यापी विशेष जांच अभियान शुरू करेगा। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा, जिसके दौरान स्कूल बसों की फिटनेस, सुरक्षा उपकरणों और आवश्यक दस्तावेजों की व्यापक जांच की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार,



अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सड़क पर चल रही प्रत्येक स्कूल बस निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करें। इसके लिए सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के दौरान बसों के फिटनेस प्रमाण-पत्र और तकनीकी स्थिति की जांच की जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि बसों में स्पीड गवर्नर सही तरीके से कार्य कर रहा है या नहीं, क्योंकि स्कूल वाहनों की अधिकतम निर्धारित गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसके अलावा प्रत्येक बस में फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एग्जिट और अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं की उपलब्धता एवं कार्यशील स्थिति की भी जांच होगी। बस चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, पहचान और अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन भी किया जाएगा। साथ ही वाहन का पंजीकरण प्रमाण-पत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र और फिटनेस सर्टिफिकेट की वैधता की भी पड़ताल की जाएगी। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर संबंधित वाहन का चालान किया जाएगा। गंभीर खामियां पाए जाने पर बस को सीज करने, फिटनेस प्रमाण-पत्र निलंबित या निरस्त करने जैसी कठोर कार्रवाई भी की जा सकती है। विभाग का कहना है कि कई बार स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और ओवर स्पीडिंग जैसी शिकायतें सामने आती रही हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए एक माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन को पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं कि वे अपनी सभी बसों का रखरखाव समय रहते पूरा कर लें और यह सुनिश्चित करें कि 1 जुलाई से सड़क पर उतरने वाला प्रत्येक स्कूल वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप हो।

# डिमांड बिजली आपूर्ति में उत्तर प्रदेश नंबर-1

## 24 जून को 32673 मेगावाट डिमांड बिजली की आपूर्ति कर यूपी ने देशभर में अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़े

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की बेहतरीन बिजली व्यवस्था लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। भीषण गर्मी, बढ़ती बिजली मांग और प्राकृतिक बाधाओं के बावजूद उ.प्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति कर रहा है। इसे योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और यूपीपीसीएल के कुशल प्रबंधन से यूपी देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति करने वाले राज्यों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। विशेष बात यह है कि उत्तर प्रदेश लगातार अपने ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए बिजली आपूर्ति के नये मानक स्थापित कर रहा है। 19 जून से उत्तर प्रदेश लगातार डिमांड बिजली आपूर्ति में देश का नंबर-1 राज्य बना हुआ है। उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र, गुजरात जैसे बड़े औद्योगिक राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। साथ ही, तमिलनाडु, कर्नाटक, पंजाब और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से भी आगे निकलकर अपनी क्षमता साबित की है। इस तरह बिजली मांग के मामले में यूपी ने देश के कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। अगर डिमांड बिजली आपूर्ति पर नजर डालें तो 27 जून को उत्तर प्रदेश में 31949 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई। इसी तरह 26 जून को 31,839 मेगावाट और 25 जून को 31,852 मेगावाट की आपूर्ति दर्ज की गई थी। इतना ही नहीं, 24 जून को उत्तर प्रदेश ने नया इतिहास रचते हुए रात करीब 9:51 बजे 32,673 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति की थी। यह अब तक की सर्वाधिक पीक डिमांड आपूर्ति थी। इसके पहले 23 जून की रात 10:26 बजे 32,405 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई थी। इसी तरह 22 जून को 31,841 मेगावाट, 21 जून को 32,348 मेगावाट, 20 जून को 31,549 मेगावाट और 19 जून को 30,968 मेगावाट बिजली आपूर्ति दर्ज की गई।



# केतन हत्याकांड में टिहरी जा रहे सांसद चंद्रशेखर और विधायक उमेश को पुलिस ने रोका

## हरिद्वार में शंकराचार्य चौक पर हुई सांसद, विधायक व पुलिस के बीच धक्का-मुक्की

**देहरादून/हरिद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश में रविवार को उस समय हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जब केतन हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने नई टिहरी जा रहे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद और खानपुर विधायक उमेश कुमार के काफिले को हरिद्वार में पुलिस ने रोक दिया। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया, जिससे कुछ देर के लिए इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार चंद्रशेखर आजाद और विधायक उमेश कुमार बड़ी संख्या में समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ नई टिहरी के लिए रवाना हुए थे। पहले से कार्यक्रम की सूचना होने के कारण पुलिस ने हरिद्वार के शंकराचार्य चौक पर बैरिकेडिंग कर उनके काफिले को रोक दिया। इसके बाद दोनों नेताओं और पुलिस के बीच काफी देर तक बातचीत चली जबकि समर्थकों ने



विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

काफिला रोके जाने के बाद चंद्रशेखर आजाद और उमेश कुमार अपनी गाड़ियों से उतर गए और समर्थकों के साथ पैदल ही आगे बढ़ने लगे। हालांकि पुलिस ने उन्हें सीसीआर चौकी के पास दोबारा रोक लिया। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया और पूरे घटनाक्रम पर प्रशासन की कड़ी नजर रही। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए काफिले को आगे बढ़ने से रोका गया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में समर्थकों की मौजूदगी के कारण कुछ समय तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। फिलहाल पुलिस बल तैनात है और प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। इस दौरान दोनों नेताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। धक्का मुक्की के बीच सांसद चंद्रशेखर आजाद के कपड़े तक फट गए। विरोध जताते हुए दोनों नेता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। मौके पर मौजूद एसपी सिटी अभय सिंह और सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी ने दोनों नेताओं को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया और आगे नहीं बढ़ने की अपील की। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि पुलिस कर्मियों ने उनके साथ अभद्रता और गाली गलौज की। सरकार के दबाव में उन्हें पीड़ित परिवार से मिलने से रोका जा रहा है।

### पीड़ित परिवार डर के साये में -चन्द्रशेखर

**सांसद नगीना लोकसभा चंद्रशेखर ने कहा कि टिहरी में केतन की हत्या बर्बरतापूर्ण की गई। उसके बावजूद भी पीड़ित परिवार डर के साए में है। पीड़ित परिवार के आग्रह पर ही वो उनसे मिलने जा रहे थे, लेकिन पुलिस उन्हें आगे जाने नहीं दे रही है। विधायक खानपुर उमेश कुमार ने कहा कि वो पीड़ित परिवार से मिलकर रहेंगे, चाहे उसके लिए कोई कितना भी जोर लगा ले। केतन हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार की जान को खतरा है। सरकार और प्रशासन को उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक प्रयास जारी रहेगा।**

# सीएम धामी के दौरे से पहले यूकेडी का प्रदर्शन

**रुड़की ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दौरे से पहले उस वक्त सियासी माहौल गरमा गया, जब यूकेडी यानी उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने मिलिट्री चौक पर क्षेत्रीय समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दर्जनों प्रदर्शनकारियों और पदाधिकारियों को हिरासत में लिया। जिसके बाद उन्हें गंगनहर कोतवाली ले जाया गया। बता दें कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रुड़की कार्यक्रम से पहले यूकेडी के कार्यकर्ता मिलिट्री चौक पर इकट्ठा हो गए और बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारी क्षेत्रीय विकास, स्थानीय समस्याओं और लंबित मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। वहीं, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे यूकेडी के दर्जनों कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में लेकर बसों के माध्यम से रुड़की गंगनहर कोतवाली पहुंचा दिया। इस दौरान मौके पर कुछ देर तक हल्की नोकझोंक भी देखने को मिली।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

# देवभूमि की छवि खराब करने और सद्भाव बिगाड़ने की साजिश हुई नाकाम-भट्ट

**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा ने हेमकुंड साहिब यात्रा के सफल, सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संचालन पर संतोष व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने कहा कि देवभूमि की महान संस्कृति, मेहमाननवाजी और सौहार्द को चोट पहुंचाने की कुछ स्वार्थी तत्वों की कोशिशें पूरी तरह नाकाम साबित हुई हैं। उन्होंने इसके लिए स्थानीय निवासियों और सिक्ख समाज के सहयोग एवं धामी सरकार की सूझबूझ की प्रशंसा करते हुए, विपक्षी गैरजिम्मेदारान रवैए की कड़ी आलोचना की है।

मीडिया के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि विगत दिनों हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना की आड़ में कुछ असामाजिक तत्वों और राजनीतिक दलों द्वारा माहौल खराब करने, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने और देवभूमि की छवि को धूमिल करने के सुनियोजित प्रयास किए गए थे। लेकिन

### निहंग प्रकरण ने विपक्ष के रवैये को गैरजिम्मेदाराना बताया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार और शासन-प्रशासन ने अत्यंत गंभीरता, संवेदनशीलता, तत्परता और सूझबूझ के साथ काम करते हुए स्थिति को बिगड़ने से बचा लिया। वहीं प्रदेश की जागरूक जनता और सभी समाजों के जिम्मेदार नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके धैर्य और समझदारी के कारण ही हालात बेहद कम समय में हालात सामान्य हो गए हैं।

उन्होंने विरोधियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पंजाब चुनाव और क्षेत्रीय राजनीति चमकाने के लिए इसका इस्तेमाल एजेंडे की तरह किया गया। कुछ लोग पंजाब में अपनी लगातार गिरती राजनीतिक साख को बचाने के लिए उत्तराखंड में निहंगों के साथ एक बड़े टकराव की पटकथा लिख रहे थे, ताकि पंजाब के आगामी चुनावों में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का माहौल बनाया जा सके। उन्होंने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि संकट के इस समय में कांग्रेस ने एक जिम्मेदार राष्ट्रीय पार्टी की भूमिका निभाने के बजाय बेहद गैर-जिम्मेदाराना रुख अपनाया। कांग्रेस नेतृत्व ने हालात को शांत करने में सहयोग देने के बजाय, केवल राजनीतिक लाभ उठाने के उद्देश्य से बयानबाजी की और आग में घी डालने का प्रयास किया।

# कला को सेवा से जोड़ना सच्ची राष्ट्र सेवा- रेखा आर्या

## दून मेडिकल कॉलेज में अनंत गोपाल संगीत मंच समिति का 51वां वार्षिक उत्सव संपन्न

-एस पी अरोड़ा

**देहरादून ( चिंगारी )।** दून मेडिकल कॉलेज के सभागार में अनंत गोपाल संगीत मंच समिति एवं गुरुकुल के 51वें वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गुरुकुल के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई अद्भुत नृत्य नाटिका नारी तू नारायणी ने समाज को महिला सशक्तिकरण का गहरा संदेश दिया, जिसने सभागार में मौजूद सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट




मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि बच्चों ने जिस जीवंतता के साथ मंच पर नारी के विविध रूपों और उसकी असीम शक्ति को प्रदर्शित किया है, उसके लिए बच्चे और उनके गुरुजन बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि नारी सचमुच नारायणी का रूप है, जो मां के रूप में सृजन करती है और आवश्यकता पड़ने पर हमारी देवभूमि की वीरांगना तीलू रौतेली बनकर समाज की रक्षा भी करती है।

मंत्री रेखा आर्य ने पिछले 51 वर्षों से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दे रही संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों को छात्रवृत्ति और निशुल्क शिक्षा देना एक पवित्र कार्य है, और कला को इस तरह सेवा भाव से जोड़ना ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को खूब पढ़ाने और उनके सपनों को पंख देने की अपील की। कैबिनेट मंत्री ने विश्वास दिलाया कि उत्तराखंड सरकार देवभूमि की हर बेटी के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रही है ताकि कोई भी बेटी अवसरों से वंचित न रहे। इस अवसर पर पदम श्री से सम्मानित लोक गायिका श्रीमती माधवी बर्थवाल, आनंद गोपाल संगीत मंच की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव, डॉक्टर यश श्रीवास्तव, नरेश भटनागर, ध्रुव भटनागर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दरिंदगी के दोनों आरोपी गिरफ्तार

## स्योहारा पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई



**स्योहारा ( चिंगारी )।** एक 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने वाले दोनों फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आधिकारिक प्रेसनोट जारी कर बताया गया कि स्योहारा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को दोनों नामजद अभियुक्तों को दबोचकर जेल भेजने की कवायद शुरू कर दी है।

इस मामले में पीड़ित परिवार द्वारा 26 जून को थाने में लिखित तहरीर दी गई थी। आरोप था कि गत 13 जून 2026 की दोपहर गांव का ही रहने वाला रीटिन पुत्र कीरत, किशोरी को झूठा बहाना बनाकर अपने बड़े भाई के घर ले गया था। वहां पहुंचने पर आरोपी रीटिन ने सोनू पुत्र धर्मपाल सिंह के साथ मिलकर घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। इसके बाद दोनों ने मिलकर नाबालिग को जबरन कमरे में बंधक बना लिया और मुख्य आरोपी रीटिन ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया, जबकि सोनू ने इस जघन्य अपराध को अंजाम देने में उसका पूरा सहयोग किया था। वारदात का विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने किशोरी के गले पर चाकू रखकर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी तथा मारपीट करते हुए अश्लील गालियां दी थीं। खौफ के कारण सहमी किशोरी के शांत रहने पर आरोपियों ने गांव में घटना की चर्चा कर उसे बदनाम करना शुरू कर दिया और आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। पीड़िता के पिता के हरिद्वार से मजदूरी कर वापस लौटने पर इस पूरी वारदात का खुलासा हुआ था।

थाना स्योहारा पुलिस ने इस संबंध में पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर तत्काल भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। रविवार को पुलिस टीम ने सफलता प्राप्त करते हुए दोनों अभियुक्तों- रीटिन पुत्र कीरत और सोनू उर्फ सतवीर पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी थाना क्षेत्र स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ आगे की आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।


धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


# कबीर के आदर्शों को अपनायें : राजेन्द्र



## धारूवाला में मनाई गई कबीर दास जयंती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गांव धारूवाला में भुइयार समाज की ओर से संत कबीर की 629 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मास्टर राजेंद्र कुमार भुइयार ने कहा कि संत कबीर के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। संत कबीर की वाणी अमर है। उनके आदर्शों को अपनाकर कर समाज का उत्थान किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि मास्टर कार्मेंद्र सिंह ने संत कबीर साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कबीर ने सर्वसमाज को पाखंडवाद से मुक्त करने के लिए कार्य किया। संजीव कुमार भुइयार ने कहा कि उनके आदर्शों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रवक्ता डॉ. संदीप सिंह ने कहा कि संत कबीर की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं था। विचार गोष्ठी में बादाम सिंह, रामगोपाल सिंह, सुरेश कुमार, भुइयार, कार्मेंद्र सिंह, मनीराम भुइयार, सुदेश कुमार भुइयार, छतरपाल सिंह, विवेक सिंह भुइयार, टीकम सिंह, डॉ. संजीव कुमार, पवन सिंह, राजबहादुर सिंह, अमित कुमार, सुमित कुमार, शगुन कुमार, रोहित कुमार, दीपक सिंह, नेपाल सिंह, दक्ष सिंह, तृषा सिंह आदि ने विचार रखे। गोष्ठी की अध्यक्षता रामगोपाल सिंह ने तथा संचालन संजीव कुमार भुइयार ने किया।

# चोकर के कट्टे में दबकर पल्लेदार की मौत

बिजनौर ( चिंगारी )। ट्रक से चोकर का कट्टा गिरने से घायल हुए मजदूर की मेरठ ले जाते हुए मौत हो गई। मजदूर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने रविवार की शाम को शव को सपुर्द ए खाक कर दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बुरहानुद्दीनपुर उर्फ गांवड़ी निवासी अनवर पुत्र अमीरुद्दीन पल्लेदारी का काम करता था। बताया गया कि वह शनिवार को चोकर से भरे ट्रक पर काम कर रहा था। इसी दौरान ट्रक का पिछला रस्सा खोलने के बाद वाहन को पीछे किया गया, जिससे चोकर का भारी कट्टा उसकी गर्दन पर गिरने से वह बेहोश हो गया। परिजन व साथियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय देर रात रास्ते में अनवर की मौत हो गई।

# नाबालिग को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार, लड़की बरामद

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने शनिवार को अफजलगढ़ पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसी गांव सीरवासुचंद निवासी युवक सोहेल पुत्र इरफान पर उसकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से लड़की की बरामदगी एवं आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही दोनों की बरामदगी के प्रयास शुरू किए गये, जिसके चलते दोनों को बरामद कर लिया गया और लड़की के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी सोहेल पुत्र इरफान निवासी सीरवासुचंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद लड़की का मेडिकल परीक्षण एवं बयान कराते हुए आरोपी युवक का सुसंगत धाराओं में चालान किया जाएगा।

# मिर्ज़ा ज़ाकिर बेग़ की याद में लगाया फ्री मेडिकल कैम्प



**बिजनौर ( चिंगारी )।** डॉ. आसिफ अख्तर बेग़ ने अपने वालिद मरहूम मिर्जा जाकिर बेग़ की याद में फ्री मेडिकल कैम्प लगाया। कैम्प पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी के कैम्प कार्यालय पर आयोजित हुआ। कैम्प का उद्घाटन सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल, प्रदेश सचिव राशिद राईन, व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा, उपाध्यक्ष हितेंद्र खरबन्दा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष नईम अंसारी, मास्टर जावेद बेग, सलीम बेग, सपा जिला प्रवक्ता अखलाक़ पप्पू, शमशाद अंसारी, डॉ. आसिफ अख्तर बेग़, पेशकार इक़बाल अहमद, पूर्व सभासद वसीक अहमद व मो. शादाब आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कैम्प में अलग-अलग बीमारियों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित कीं। कैम्प में मो. दानिश, डॉ. मैराज, डॉ. शाकिर इलाही, डॉ. साजिद अनवर, डॉ. असना बेग़, डॉ. आयशा मिर्जा, डॉ. हीना मैराज, डॉ. सुल्ताना नवाब, डॉ. सीमा नईम, डॉ. अज़हर, डॉ. फरहान, अमान अहमद, अमान जुबैर, तारिक और अरविंद ने मरीजों का चैकअप किया। शाहबाज़ अहमद, पत्रकार आसिफ अंसारी व इमरान अंसारी, अमजद अहमद, बख़्तावर, सलीम व फहीम आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पूंजीपतियों के पक्ष में काम कर रही सरकार

## ग़लत नीतियों से जनता में हाहाकार

## किसान मजदूर यूनियन के सम्मेलन में आंदोलन करने का संकल्प लिया




सम्मेलन को संबोधित करते जिलाध्यक्ष शमशाद हुसैन।

नजीबाबाद (चिंगारी)। किसान मजदूर यूनियन का जिला सम्मेलन जलालाबाद स्टार गार्डन मैरिज हाल में किया गया। जिसमें किसानों, मजदूरों, छात्र, नौजवानों व महिलाओं के अधिकारों को लेकर आंदोलन करने के संकल्प लिया गया। सम्मेलन अध्यक्ष मंडल मोहम्मद तकी, घसीटा पाल, मोहम्मद अली के सान्निध्य में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मोहम्मद मोहसिन खटाई, भगवाना टांडा, सुरेश कुमार हाफिजाबाद, इरशाद पेंटर किरतपुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मुख्य अतिथि डॉ. आशीष मित्तल राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा, प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, उत्तर प्रदेश महासचिव हीरालाल, रेखा देवी, बबीता शर्मा व पूजा आदि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संचालन शमशाद हुसैन व सुभाष चंद्र ने संयुक्त रूप से किया। कामरेड शमशाद हुसैन ने जिले की रिपोर्ट पेश की। सभा को मुख्य अतिथि आशीष मित्तल, विशिष्ट अतिथि धर्मपाल सिंह, हीरालाल, घसीटा पाल, मोहम्मद अली ने संबोधित करते हुए कहा कि देश में लगातार महंगाई बढ़ने से आम आदमी का जीना दुश्वार है। सरकार आंदोलन करने वाले छात्रों व नौजवानों की मांगों को ना मानकर पुलिस से दमन कराकर उन्हें कुचल देना चाहती है। महिलाओं के साथ रेप आदि की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। थानों में पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा। पेट्रोल, डीजल व रसोई आदि के दाम निरंतर बढ़ने से आम आदमी का जीना मुश्किल हो रहा है। सरकार किसानों से किए गए वादे पूरे नहीं कर रही। एमएसपी गारंटी कानून बनाने को तैयार नही है। सरकार अमेरिका से ट्रेड डील करके किसानों को पूरी तरह तबाह करना चाहती है। ट्रेड डील का खेती किसानी पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। इससे देश की खेती व किसानी खत्म हो जाएगे। सरकार पूंजीपतियों व कॉर्पोरेट के पक्ष में काम कर रही है। देश का खजाना पूरी तरह खाली कर चुकी है। अब सड़क पर उतरकर संघर्ष करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

सम्मेलन में शमशाद हुसैन, सुभाष चंद्र, आवेश अंसारी, दयाराम सिंह, घसीटा पाल, मोहम्मद अली, कुलविंदर सिंह, शमीम कुरैशी 11 सदस्य चुने गए। जबकि रेखा देवी, बबिता शर्मा, पूजा आमंत्रित सदस्य चुने गए। जिला कमेटी ने जिला अध्यक्ष का चयन कर सर्वसम्मति से शमशाद हुसैन को किसान मजदूर यूनियन का जिला अध्यक्ष बनाया। सुभाष चंद्र जिला महासचिव, घसीटा पाल जिला उपाध्यक्ष, आवेज अंसारी जिला उपाध्यक्ष, कुलविंदर सिंह जिला सचिव, कदीर अंसारी जिला मीडिया प्रभारी किसान मजदूर यूनियन चुने गए। सभी सदस्य 25 जुलाई 2026 को प्रयाग में होने वाले राज्य सम्मेलन में भाग लेने के प्रतिनिधि भी चुने गए। सम्मेलन में शमशाद हुसैन, खादिर अंसारी, बब्बन जैदी तथा तालाब बचाओ संघर्ष समिति के संस्थापक व जिला अध्यक्ष बिजनौर नूर अंसारी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## किसानों ने बिजली कटौती के विरोध में बिजलीघर पर किया धरना-प्रदर्शन




मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपिन कुमार के नेतृत्व में मंडावली क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा बिजलीघर पर पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में क्षेत्र में भीषण गर्मी के दौरान बिजली की कटौती व अन्य समस्याओं के हल की मांग की गई। राजपुर नवादा विद्युत खंड के उपखंड अधिकारी यजुवेंद्र सिंह की अनुपस्थिति में उपखंड अधिकारी प्रथम शंभूनाथ व जेई राहुल मौर्य को मौके पर भेजकर समस्याओं का निस्तारण का आश्वासन दिया गया। मौके पर पहुंचे उपखंड अधिकारी शंभूनाथ ने किसानों की समस्याओं को सुनकर कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर अन्य समस्याओं का जल्दी हल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर यूनियन के जिला अध्यक्ष विपिन कुमार, प्रतिनिधि पंकज त्यागी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष शेषपाल राठी, युवा जिला अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष आबिद, युवा जिला उपाध्यक्ष आकाश राठी, अनुज कुमार त्यागी, सुमित कुमार त्यागी, मुकेश कुमार, रवि, जेम्स, अरुण पाल, सूर्यांश उपाध्याय, गुलशन कुमार, चौधरी चरण सिंह, फुरकान ठेकेदार, मोहित चौधरी, गुलशेर अहमद, सुल्तान, मुनिदेव त्यागी, डॉक्टर रमाकांत त्यागी आदि किसान मौजूद रहे।



## जनता ने मुझे विधायक बनाया तो एक वर्ष के अंदर बदल दूंगा क्षेत्र की तस्वीर: खुर्शीद मंसूरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। आज़ाद समाज पार्टी की एक बैठक मोटाआम स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई, जिसमें शहर के विभिन्न मोहल्लों के जिम्मेदार लोगों ने भाग लेकर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में शहज़ाद खान ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में नजीबाबाद का अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। अब बदलाव का समय आ गया है, आज़ाद समाज पार्टी के संभावित प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी ही नजीबाबाद का समग्र विकास करा सकते हैं। एडवोकेट शफाहत ने कहा कि वर्तमान सरकार बुलडोज़र व नफरत की राजनीति के माध्यम से मुस्लिम, दलित व पिछड़े समाज को निशाना बना रही है। आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ही इन वर्गों की आवाज़ सड़क से सदन तक मजबूती से उठा रहे हैं। असलम अंसारी ने कहा कि यदि पार्टी खुर्शीद मंसूरी को टिकट देती है तो उनकी जीत सुनिश्चित होगी। हाजी गफ्फार ने कहा कि नजीबाबाद आज भी विकास से कोसों दूर है, जबकि साहनपुर में विकास कार्यों की मिसाल दी जाती है। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि वह 24 घंटे जनता के बीच रहने वाले व्यक्ति हैं, जनता उन्हें जिस समय याद करेंगी वह उनके बीच खड़े नजर आएगे। यदि नजीबाबाद की जनता उन्हें विधायक बनने का अवसर देती है तो एक वर्ष के भीतर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का प्रयास करेंगे। जिस तरह से उन्होंने साहनपुर में विकास कार्य किए हैं, उसी प्रकार पूरे नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र का विकास कराया जाएगा। हाजी गफ्फार की अध्यक्षता एवं उबैद नजीबाबादी के संचालन में बैठक में असलम अंसारी, आरिफ खान, अशरफ सैफी, शहज़ाद खान, तसलीम मंसूरी, नज़र खान, बदरुद्दीन मुल्तानी, नईम मुल्तानी, शाहबाज़ खान, एडवोकेट शफाहत, फहीम खान, सुल्तान कुरैशी, अयाज़ अंसारी, जुल्फ़िक्कार मंसूरी, नबील राईन, अखलाक राईन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महताब ख़ान चांद को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किया सम्मानित



नजीबाबाद (चिंगारी)। इंडोनेशिया स्थिति जावा की अन्तर्राष्ट्रीय संस्था पिरधामैन बुदधाय दुनिया के द्वारा विश्व शांति संस्कृति मानवाधिकार प्रवर्तन के अन्तर्राष्ट्रीय बोर्ड ने सामाजिक संवेदनशीलता संस्कृति ढांचे के भीतर शान्ति सद्भावना मैत्री को बढ़ावा देने के लिए भारत से इंटरनेशनल ब्रांड एंबेसडर महताब ख़ान चांद को सम्मानित किया है। अन्तर्राष्ट्रीय संस्था के अध्यक्ष सतरिया पसुदन जो जावा जहां भारतीय संस्कृति महात्मा बुद्ध की सभ्यता व भारतीय इतिहास से गहरा नाता है उनके द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें सम्मानित किया गया है।

## हरिद्वार से नजीबाबाद ससुराल आया व्यक्ति लापता

नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार से नजीबाबाद ससुराल आया व्यक्ति लापता हो गया। हरिद्वार बहादराबाद निवासी 36 वर्षीय मोहन कुमार पुत्र महेंद्र सिंह 21 जून को दोपहर नजीबाबाद के मौहल्ला रम्पुरा में अपनी ससुराल आया था। नजीबाबाद से बाद में वह हरिद्वार जाने की बात कहकर निकला था, मगर वह घर हरिद्वार नहीं पहुंचा। काफी तलाश के बाद भी व्यक्ति का कुछ पता ना चलने पर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## टीकाकरण से ना छूटे कोई भी बच्चा- सीमा शर्मा

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्लोबल अलायंस फार वैक्सीन एंड इम्यूनाइजेशन (गावी परियोजना) के तहत मौहल्ला चारबाग में इब्राहीम कुरैशी एडवोकेट सभासद पति की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सहयोगियो व प्रभावशाली व्यक्तियों ने ज़ीरो डोज बच्चों के वैक्सिनेशन में सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में प्रभावशालियों व उन्मुखीकरण के बारे में बताया गया। बैठक में पीसीआई ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीमा शर्मा ने सभी प्रभावशाली व्यक्तियों का स्वागत करते हुए टीकाकरण से छूट जीरो डोज बच्चों के परिवार को टीकों का महत्व समझाने व टीकाकरण से छूटे हुए वेब परिवारों की लाइन लिस्टिंग वैक्सीन के बारे में चर्चा की। राष्ट्रीय पोलियो प्रोग्राम विषय पर भी चर्चा कर प्रभावशाली व्यक्तियों से सहयोग करने का आहवान किया गया। बैठक में आशा चित्रा राकेश, नरेंद्र कुमार रवि, फहमीदा इस्लाम, फरीद अहमद, मौ0 रविश, असगर कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख की ठगी करने वाली जीनत शेख पुलिस पकड़ से बाहर

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित के पत्रकार पिता एवं जिला प्रभारी नफीस थानवी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को खुला पत्र लिखकर आरोपियों के खिलाफ शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में नफीस थानवी ने बताया कि उनके पुत्र फहीम को ए टू जेड कंपनी के संचालक जीनत शेख तथा राणा नामक व्यक्ति ने सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि दोनों ने अलग-अलग किश्तों में 75 हजार, 50 हजार और 75 हजार रुपये, कुल दो लाख रुपये वसूल लिए। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने पहले जल निगम का कथित नियुक्ति पत्र और कुछ दिन बाद रुड़की मिलिट्री कैंप का एक अन्य नियुक्ति पत्र दिया, लेकिन जांच में दोनों दस्तावेज फर्जी निकले। जब फहीम ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे कथित रूप से जान से मारने की धमकी दी। नफीस थानवी के अनुसार, इस मामले की शिकायत 1 मई 2026 को एसएसपी कार्यालय में की गई थी, वहां से प्रार्थना-पत्र नगर कोतवाली और फिर माली गेट चौकी भेज दिया गया। उनका आरोप है कि शिकायत के लगभग दो माह बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चौकी प्रभारी ने बातचीत के दौरान कथित रूप से कहा कि आप हमें बता दीजिए, हम पकड़ लेंगे, लेकिन इस तरह के लेन-देन के मामलों में ज्यादा कार्रवाई नहीं कर सकते, क्योंकि कप्तान साहब के सख्त निर्देश हैं। नफीस थानवी का कहना है कि यदि ऐसा है तो यह पीड़ितों को गुमराह करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी महिला के आवास और कार्यालय पर पुलिस ने अब तक कोई दबिश नहीं दी।

पीड़ित पक्ष ने एसएसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में नौकरी के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।


# नहटौर की छात्रा आयरा भारती ने बनाया लूडो का नया ग्रुप




**नहटौर ( चिंगारी )। गर्मियों की छुट्टी में जहां बच्चे सिर्फ खेलने कूदने और नानी के यहां जाने का चाव रखते हैं, वहीं नहटौर साई मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 3 की छात्रा आयरा भारती ने अपनी गर्मी की छुट्टियों में एक्टिविटी के चलते लूडो का एक नया ग्रुप खुद अपने दिमाग व हाथ से तैयार किया है, जिसको बाकायदा साइन, ड्राइंग करने के बाद एक बोर्ड पर पूरी लूडो की शक्ल दी है।**

# नार्थ इंडिया में एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर में शिवानी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ़ कॉलेज के एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर में शिवानी ने 81.62 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, इकरा ज़ाकिर ने 81.37 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं शिवम जाटव ने 76.87 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नार्थ इण्डिया ग्रुप आफ कालेजेस के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल एवं टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की प्राचार्य डॉ. शिवानी चौहान ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाये देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. उज्जवल टांक ने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि आपकी यह उपलब्धि न सिर्फ आपके लिए, बल्कि आपके परिवार, शिक्षकों व मित्रों के लिए भी गर्व का क्षण है। आपने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिश्रम व दृढ़ संकल्प से कुछ भी संभव है। अब आपके जीवन का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। नई चुनौतियां, नये अवसर व एक उज्जवल भविष्य आपका इंतजार कर रहे हैं। ईश्वर से कामना है कि आप अपने ज्ञान, नैतिक मूल्यों व नेतृत्व क्षमता से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाए। प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उज्जवल टांक, सहायक प्राध्यापक वैभव जैन एवं अन्य प्रवक्ताओं ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए बताया कि हमारे विभाग का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हम सभी के लिए गर्व का विषय है।



# गुरु पूर्णिमा पर संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति ने शिविर लगाया, शरबत पिलाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति लडापुरा के पदाधिकारियों द्वारा गुरु पूर्णिमा पर तपती धूप में राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में समता-समानता एवं भाईचारा बनाने का कार्य करता है। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का समाज सेवा का संदेश समता, मानवीय गरिमा और निष्काम कर्म पर आधारित है। उनके अनुसार, समाज की सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति है, जिसका अनुकरण हमें करना चाहिए। शरबत वितरण में आकाश कुमार, मोहित कुमार, रजत कुमार, आयुष, नितांशु आदि रहे।

# थूक सटकता, आगे बढ़ता- आम आदमी

**आज से लगभग 180 साल पहले, प्रसंग चाहे जो रहा हो, दाग देहलवी ने कहा था-**

**लाख देने का एक देना था/ दिल-ए-बे-मुद्दआ दिया तूने।।**

दिल-ए- बे -मुद्दआ का अर्थ है एक ऐसा दिल जो किसी स्वार्थ, मांग, लालच, शिकायत या अपेक्षा से मुक्त हो। उस समय साधन कम थे, इच्छाएं सीमित थीं, आज साधन अधिक हैं, इच्छाएं असीमित हैं। आज की मान्यताएं, प्राथमिकताएं और आवश्यकताएं भी जुदा हैं। इन सब बातों से वाकिफ़ आम आदमी घर से निकलता है, वह भूखा तो नहीं है, पर केवल रोटी जिन्दगी के लिए काफी भी नहीं है। उसकी इच्छाएं भी होती हैं,स्वाद भी होता है और सम्मान भी होता है। जब समाज की हर वस्तु आंखों के सामने हो और वह उसको छू भी न सके, छू सके तो ले न सके, तब भूक पेट से ज्यादा आत्मा को लगती है। उसके पास काम है, घर है, परिवार है, लेकिन उसकी जेब और बाजार के दामों के बीच जो दूरी है वह दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।




इन्हीं ख्यालों में डूबा आम आदमी बाजार पहुंचता है, बाजार आज भी भरा पड़ा है, फलों के ठेले सजे हुए हैं, मानो धरती ने अपने सारे रंग यहां बिखेर दिये हो। लाल सेब, पीले आम, हरे अंगूर, नीली जामुन, नारंगी संतरे, हरी किवी, काली चैरी आदि। सूखे मेवों की दुकानों पर बादाम, काजू, पिस्ता, अखरोट, मखाने, खजूर के पहाड़ खड़े हैं। बड़े-बड़े शो रूम में ए.सी. चल रहे हैं। शीशों के पीछे नई तकनीक का संसार मुस्कुरा रहा है। मोबाइल शॉप के चमकदार बोर्ड पर लिखा है 'भविष्य आपके हाथ में'- उसने मुस्कराते हुए सोचा- जिस आदमी के हाथ में आज की जरूरतें नहीं, उसके हाथ में भविष्य कैसे आयेगा? अपने चेहरे पर फीकी मुस्कान लिए वह एक फल की दुकान पर गया, उसने आम को हाथ में लेकर सूंघा जैसे अनुलोम-विलोम कर रहा हो, उसे अपना बचपन याद आ गया, जब उसके पिता जी एक टोकरी भरकर आम घर लाते थे और बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर आम के बाद जामुन खाते थे। उसने दोनों का दाम पूछा तो उसका गला सूख गया, उसने चुपचाप अपना थूक सटका और आगे बढ़ गया, उसको याद आया डाक्टर ने कहा था कि बच्चे के दिमागी विकास के लिए बादाम, अखरोट खिलाया करो। वह किराना की दुकान पर पहुंचा पर मन ही मन हिसाब लगाने लगा, अगर बादाम आदि खरीदूगा, तो इस माह का बिजली का बिल कैसे दूंगा? यही सोचकर उसने धीरे से फिर थूक सटका और आगे बढ़ने लगा। उसी समय उसके पास खड़ा एक बच्चा अपने पापा से बोला पापा स्ट्राबेरी कैसी होती है? पिता ने बिना दाम पूछे डिब्बा उठा लिया। आम आदमी मुस्कुराया, लेकिन उसके भीतर कुछ टूट सा गया, उसे याद आया कि उसकी बेटी ने भी एक दिन यही सवाल किया था, उसने जवाब दिया था बेटा 'कभी' खिलाऊंगा। वह 'कभी' आज तक नहीं आया। वह दुकान के शीशे से बाहर खड़े होकर चीजों को ऐसे देख रहा है, जैसे कोई संग्रहालय देख रहा हो, पर वह वास्तव में सोच रहा है कि महंगाई केवल जेब पर हमला नहीं करती, बल्कि उसके छोटे-छोटे सपने भी मारती है, उसको भूखा कम मजबूर ज्यादा बनाती है। उसने शीशे के शोरूम से एक झटके से नज़रें फेर लीं- उसका गला भर सा आया, उसने आखिरी बार फिर थूक सटक लिया, उसी क्षण लगा उसके गले से केवल थूक नहीं उतरा है, उसके साथ एक इच्छा, एक अरमान, एक छोटा सा सपना भी नीचे उतर गया है, वह समझ गया सबसे दर्दनाक आवाज भूखे पेट की नहीं- बल्कि वह होती है जो सुनाई नहीं देती- जब आम आदमी बाजार में खड़ा होकर चुपचाप अपना थूक सटक लेता है और कुछ खरीदे बिना घर लौट जाता है, और यह कहकर के आज भूख नहीं है, कभी न आने वाली नींद के आगोश में सो जाने के लिए बिस्तर पर लेट जाता है। **नोट : आम आदमी किसी का भी प्रतिनिधि और वस्तुओं व स्थान के नाम आवश्यकतानुसार कुछ भी हो सकते हैं।**

-रिफाकत मिर्ज़ा, बिजनौर

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# नया बिजली घर शुरू होने पर दूर होगी समस्या

## अंडर ग्राउंड लाइन का कार्य अभी अधूरा

**धामपुर ( चिंगारी )।** उप जिला अधिकारी धामपुर कार्यालय के पास स्थित 33/11 केवी सब स्टेशन से चार फीडर कमश 1,2,3 व ग्रामीण जुड़े हुए हैं यहां रखे ट्रांसफार्मर से टाउन नंबर एक के आधा दर्जन मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति होती है। परंतु इस ट्रांसफार्मर पर लोड ज्यादा हो जाने के कारण तकनीकी खराबी आ जाती है। पिछले वर्ष भी जून के महीने में इसी ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई थी, तब मेरठ से नया ट्रांसफार्मर मंगाया गया था। विद्युत वितरण खंड धामपुर के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार पटेल ने बताया कि टाऊन नंबर वन की इसी समस्या को दूर करने के लिए स्योहारा मार्ग स्थित कैडे वाले मंदिर के मार्ग पर 33/11 केवीए का नया बिजली घर बनाया गया है जिसका निर्माण कार्य पूरा हो गया है । उन्होंने बताया कि बिजली घर से विद्युत आपूर्ति की सप्लाई के लिए लाइन डाली जा रही है। उन्होंने बताया कि धामपुर शुगर मिल और रेलवे फाटक के नीचे से अंडरग्राउंड बिजली की लाइन जानी है जिसके लिए विद्युत विभाग द्वारा रेलवे को प्रस्ताव भेज दिया गया है परंतु अभी तक इसकी एनओसी नहीं मिली है जिस कारण लाइन डालने में देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि यहां से लाइन डाले जाने के बाद नया बिजली घर शुरू हो जाएगा जिस पर टाउन नंबर एक का लोड ट्रांसफर किया जा सकेगा।

## उपभोक्ताओं से संयम बरतने की अपील

**धामपुर ( चिंगारी )। विद्युत वितरण खंड धामपुर के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार पटेल ने कहा कि भीषण गर्मी एवं ताप के मौसम के कारण विद्युत उपकेंद्रों पर सायं काल में ( रात्रि में ) ऑवरलोड की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिस कारण 11 के 1 लाइन में बार - बार ट्रिपिंग व लाइन फाल्ट की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिस कारण स्थिती को नियंत्रित करने में काफी समय लगने के कारण स्थिति और भी अनियंत्रित हो जाती हैं। जिसके फलस्वरूप उपभोक्ताओं को सुचारु विद्युत प्रदान करने मे बिजलीघर के कर्मचारियों की समस्या और बढ़ जाती है। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि अब सुचारू विद्युत आपूर्ति प्रदान करने में कोई तकनीकी समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम अथवा किसी फाल्ट के बाद जब विद्युत आपूर्ति सुचारू होती है तब थोड़ा धैर्य/संयम के साथ विद्युत उपकरणों को ऑन करें, एक साथ सभी विद्युत उपकरणों को ऑन न करें, जिससे ऑवर लोडिंग की समस्या के कारण असुविधा से बचा जा सके एवं आप सभी को सुचारु विद्युत प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि विधुत कर्मचारी/ अधिकारी विद्युत उपभोक्ताओं को सुचारु विद्युत आपूर्ति प्रदान करने हेतु 24 घन्टें तत्परता से प्रयासरत हैं।**

# गुलदार का शावक देख भाग खड़ा हुआ सोनू

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम महमसापुर निवासी देवेन्द्र सिंह का भतीजा सोनू खेत से बाजरा काट रहा था। इस दौरान अचानक उसके पास गुलदार का शावक आ खड़ा हुआ। सामने गुलदार का शावक देखकर युवक के होश उड़ गये। युवक भागकर खेत से दूर चला गया। जानकारी मिलने पर आसपास के कई किसान भी वहां पहुंच गये। वन विभाग को सूचना दी गई, तो रिजर्व फॉरेस्ट की राजगढ़ रेंज से डिप्टी रेंजर महिपाल सिंह एवं दरोगा योगेश कुमार अन्य वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। गुलदार का शावक तब भी वहीं बैठा हुआ था। वन दरोगा योगेश कुमार ने बताया कि उन्होने मामले की जानकारी सामाजिक वानिकी अधिकारी को दे दी है। किसानों ने बताया कि परसों ग्राम निवासी अजय जब मोटर साइकिल से अपने खेत पर जा रहा था, तो इसी खेत के पास उसने गुलदार का जोड़ा देखा था। गुलदार का जोड़ा अचानक आ जाने पर उसकी मोटरसाइकिल भी गिर गई थी। दो दिन पूर्व गुलदार का जोड़ा और आज गुलदार का शावक देखे जाने से आसपास के किसान भयभीत हैं। किसानों को डर सता रहा है कि कहीं गुलदार किसी पर हमला न कर दे।



बाजरे के खेत में मौजूद गुलदार का शावक।

# राहगीरों को शरबत पिलाया




**बिजनौर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता एश्वर्य मौसम चौधरी के 'नर सेवा, नारायण सेवा' मंत्र से प्रेरणा लेकर नगर के संत ज्वैलर्स व परमात्मा ज्वैलर्स की ओर से आज सर्राफा बाजार में शिविर लगाकर राहगीरों, दुकानदारों व अन्य लोगों को शरबत पिलाया गया। जन सेवा के इस नेक काम में संत ज्वैलर्स के स्वामी विजय खन्ना उर्फ गड्डू, परमात्मा ज्वैलर्स स्वामी सुमित सिंघल, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम तथा नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी शमीम अहमद (मामा) ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

# 'मन की बात' कार्यक्रम से राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है : धामी

**देहरादून/रुड़की ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रुड़की में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण को सुना। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम जनभागीदारी को सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देशभर में जनसहयोग से किए जा रहे प्रेरणादायी कार्यों, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन, नवाचार, युवाओं की सहभागिता और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए। साथ ही नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'सबका प्रयास' का संदेश विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष मधु सिंह, रुड़की नगर निगम की महापौर अनीता अग्रवाल, राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल, श्यामवीर सैनी, आदेश सैनी, शोभाराम प्रजापति, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर सहित भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# चंपत राय को साजिश के तहत बदनाम किया जा रहा : डॉ. एस के राजपूत

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं आर एस एम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एस.के. राजपूत ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महा सचिव चंपत राय बंसल को साजिश के तहत बदनाम किए जाने का कार्य हो रहा है । उन्होंने चिंगारी को बताया कि राम जन्मभूमि की सुनवाई जब सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी तब वह भी धामपुर से विश्व हिंदू परिषद के दिल्ली कार्यालय पर कई दिनों तक चम्पत राय बंसल के साथ में रहे थे। उन्होंने बताया कि राम जन्मभूमि मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान संबंधित दस्तावेज अदालत में रखने का कार्य चंपत राय बंसल के पास था । उन्होंने बताया कि इस दौरान चंपत राय बंसल समर्पण भाव से अदालत की कार्यवाही में जाते और निष्ठा पूर्वक अपना काम करते थे । उन्होंने कहा कि राम मंदिर में चंदा चोरी प्रकरण में चंपत राय बंसल बेदाग होकर निकलेंगे। धामपुर निवास डॉ. एस के राजपूत ने कहा कि चपत राय बंसल ने निस्वार्थ भाव से संगठन और हिंदू समाज के लिए कार्य किया। आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद में रहकर उन्होंने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन को मुकाम तक पहुंचने में अपने दायित्व का निर्वहन किया। आज कुछ लोग उनको बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं।



डॉ. एसके राजपूत

# स. सतवंत सिंह सलूजा उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के उपाध्यक्ष मनोनीत

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर निवासी सरदार सतवंत सिंह सलूजा को उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह सूचना पाकर पूरे जनपद के सिख समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई तथा मोबाइल व अन्य माध्यमों से उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है।

सहारनपुर में संपन्न हुई मैनेजमेंट कमेटी की प्रदेश स्तरीय बैठक में सरदार सतवंत सिंह सलूजा को उनके द्वारा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा धामपुर के अध्यक्ष पद पर निरंतर 16 वर्षों तक तथा जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बिजनौर के जिला अध्यक्ष पद पर कार्य करते हुए सिख समाज के उत्थान संबंधी कार्यों में दिए गए योगदान पर उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हरविंदर सिंह लॉर्ड, महासचिव सरदार सुरेंद्र पाल सिंह बक्शी, कोऑर्डिनेटर सरदार धर्मवीर सिंह बग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार निर्मल सिंह, कार्यक्रम संयोजक सरदार गुरप्रीत सिंह बग्गा आदि ने प्रदेश उपाध्यक्ष पद की घोषणा के बाद सरदार सतवंत सिंह सलूजा को सरोपा भेंट करके सम्मानित किया। जनपद से भाग लेने वाले में सरदार हरभजन सिंह अमन, सरदार सतवेंदर सिंह गुजराल, मास्टर जोगिंदर सिंह, सरदार हरपाल सिंह, सरदार प्रदीप सिंह, सरदार युद्धवीर सिंह, सरदार हरमीत सिंह, सरदार जगमीत सिंह, सरदार अजीत सिंह उमरी, सरदार जोगिंदर सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, लकी तिलक राज आदि शामिल रहे।



# कालाबाज़ारी करने पर राशन डीलर के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज

**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद सर्की के ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर हुई जांच में अनियमिता पाए जाने पर पूर्ति निरीक्षक ने राशन डीलर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

गत 20 जून को समाधान दिवस में ग्राम हाफिजाबाद निवासी रहमत, शायरा परवीन, गुलशाना आदि ने प्रार्थना पत्र देकर उचित दर विक्रेता बाबू सिंह पर नियमानुसार खाद्यान्न का वितरण न करने, कालाबाजारी व अभद्र व्यवहार करने जैसे गम्भीर आरोप लगाते हुए जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की थी। पूर्ति निरीक्षक अंकित कुमार ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर गत 25 जून को उनके द्वारा गांव में पहुंचकर कार्डधारकों के बयान दर्ज किये गए और आरोपों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि जांच में शिकायतें सही पाई गईं और स्टॉक के मुताबिक लगभग 113 कुंतल (गेहूं, चावल व चीनी) खाद्यान्न दुकान में न मिलने से डीलर द्वारा कालाबाजारी होने की पुष्टि हुई। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि उच्च अधिकारियों के अनुमोदन पर राशन डीलर बाबू सिंह के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया गया है और नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सिपाही के व्यवहार से क्षुब्ध किसान थाना प्रभारी से मिले



किसानों की समस्या सुनते रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ में तैनात एक सिपाही के दुर्व्यवहार से क्षुब्ध भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान के नेतृत्व में रविवार की शाम बादीगढ़ पुलिस चौकी पर रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा से मिले और सिपाही की कार्यशैली पर सख्त नाराजगी का इजहार किया। थाना प्रभारी ने किसानों के मान-सम्मान के प्रति आश्वस्त किया और कहा कि प्रत्येक क्षेत्रवासी का सम्मान और आने वाले हर फरियादी की सुनवाई होगी। थाना प्रभारी के आश्वासन पर संतोष जताते हुए किसानों ने उन्हें कानून एवं शांति व्यवस्था में हर संभव सहयोग का यकीन दिलाया। इस मौके पर शैलेंद्र चौहान, रमेशचंद शेखावत, युसूफ कुरैशी, शकील कुरेशी, मौ. सालिम, साहब सिंह, शरीफ पधान, बलविंदर सिंह, यशपाल सिंह, सलाउद्दीन, रईस, शमीम, रियाज, शकील मलिक, शराफत हुसैन, कुलवंत सिंह, मोनू, हरि सिंह, अमित कुमार, रंजोत सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

# निकाह का दबाव बनाने व आत्महत्या के लिये उकसाने के आरोपी पति-पत्नी गिरफ़्तार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कोतवाली पुलिस ने युवक को आत्महत्या के लिए कथित रूप से उकसाने के मामले में वांछित दंपति को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।



पुलिस के अनुसार कांशीराम कॉलोनी, बैराज रोड निवासी इरशाद अहमद ने 21 मार्च 26 को शहर कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरिफ, महिम, इमरान, शाहीन और जुनैद ने उनके पुत्र पर निकाह करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। आरोप है कि इससे क्षुब्ध होकर उनके पुत्र ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। विवेचना के दौरान शहर कोतवाली पुलिस ने रविवार को मामले में वांछित इमरान पुत्र रहीमुद्दीन और उसकी पत्नी शाहीन निवासी मोहल्ला भाटान शहर कोतवाली शहर को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाल अवनीत मान का कहना है कि मामले में विवेचना जारी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# भाई का हत्यारोपी नदीम गिरफ़्तार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कोतवाली पुलिस ने सगे भाई की हत्या के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। पुलिस के अनुसार बेगावाला नई बस्ती निवासी मोहम्मद हनीफ ने 25 जून को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके पुत्र नदीम ने अपने भाई सलीम की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे।

रविवार को शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी नदीम को गिरफ्तार कर उसके पास से एक 12 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि आरोपी को विधिक कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। मामले की विवेचना जारी है।

## भैरा से खरीदा था तमंचा

**पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी नदीम ने बताया कि उसके और सलीम के बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था। इसी विवाद में सलीम ने उसकी पत्नी के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया था। इससे नाराज होकर उसने तमंचे से गोली मारकर अपने भाई की हत्या कर दी। आरोपी ने यह भी बताया कि हत्या में प्रयुक्त तमंचा उसने कुछ दिन पहले भैरा गांव निवासी एक व्यक्ति से लिया था। घटना के बाद उसने तमंचे का खाली खोखा गंगा बैराज के पास फेंक दिया था।**

# शिया समाज ने जताया जिला प्रशासन का आभार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मोहर्रम की अजादारी के सभी जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर शिया समाज बिजनौर ने जिला प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त किया। शनिवार रात मोहल्ला बुखारा स्थित इमामबाड़ा में आयोजित बैठक में अंजुमन सरकारे हुसैनी के पदाधिकारियों एवं शिया समाज के जिम्मेदार लोगों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, एसडीएम रितु रानी, सीओ सिटी अभय कुमार पांडे सहित प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग की सराहना की। साथ ही नगर पालिका चेयरपर्सन इंदिरा सिंह द्वारा सफाई व प्रकाश व्यवस्था तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सबील, शरबत और चाय की व्यवस्था के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में तनवीर राजा गुड्डू, अफरोज नकवी, कामरान ताहिर, फिरदौस, नासिर राजा, एडवोकेट जफर हसनैन, शरफयाब मेहंदी, हसन आबिद, कमर अब्बास, रईस हैदर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राइजिंग सिंगिंग स्टार खुशी गुप्ता की आकाशवाणी पर परफोर्मेंस कल

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना की राइजिंग सिंगिंग स्टार खुशी गुप्ता की परफोर्मेंस का प्रसारण आकाशवाणी नजीबाबाद पर कल (मंगलवार) शाम पांच बजे युववाणी कार्यक्रम में किया जाएगा। हलचल सोसायटी नगीना की स्टार सिंगर खुशी गुप्ता ने बताया कि आकाशवाणी नजीबाबाद के युववाणी कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे द पॉव गेम सुर सर्किल 3.0 के एपिसोड की रिकॉर्डिंग गत दिवस आकाशवाणी नजीबाबाद केंद्र के स्टूडियो में हुई। होस्ट नंदनी के सुर सर्किल 3.0 कार्यक्रम में उनके (खुशी गुप्ता) अलावा वंशिका, उमंग, दिव्यांशु व मोहित ने म्यूज़िक व सिंगिंग के नये इनोवेशन पर चर्चा की और तीन-तीन गानों पर सिंगिंग परफॉर्मेंस दी। इस एपिसोड का प्रसारण कल (मंगलवार) शाम 5:05 बजे आकाशवाणी नजीबाबाद से किया जाएगा। नगीना की राइजिंग सिंगिंग स्टार खुशी गुप्ता हलचल सोसायटी नगीना के डायरेक्टर सुशील गुप्ता की होनहार बेटी हैं।



खुशी गुप्ता

# वरिष्ठ नागरिकों को बैंक योजनाओं की जानकारी दी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिजनौर की मासिक बैठक परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय शिवराम शर्मा के नई बस्ती स्थित आवास पर धर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता तथा कौशल कुमार वर्मा के संचालन में गायत्री मंत्र और ओम प्रार्थना के के साथ आरंभ हुई। अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में राजीव कुमार शर्मा ने बैंक योजनाओं और बैंक संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी सभी सदस्यों को दी। बैठक में परिषद के वरिष्ठम सदस्य बी आर मेहरा का केक काटकर 93वां जन्मदिन मनाया गया। बैठक को सफल बनाने में राजीव कुमार शर्मा का विशेष योगदान रहा। बैठक में धर्मवीर शर्मा, श्रीमती हीरा देवी, श्रीमती सुशीला देवी, श्रीमती आदेश कुमारी शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, बीआर मेहरा, कौशल कुमार वर्मा, सोमप्रकाश शर्मा, लेखा सिंह, टीकम सिंह, संजीव नंदा, विनीता नंदा आदि ने भाग लिया।



# भीषण गर्मी में पशु-पक्षी भी त्रस्त आम जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। गर्मी में जहां लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं, वहीं बेजुबान पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। दिन निकलते ही आसमान से गर्मी के रूप में आग बरसने लगती है। धार्मिक स्थलों में बारिश के लिए प्रार्थना हो रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर में जगह-जगह शर्बत का वितरण किया जा रहा है। दोपहर को बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है, जिसके कारण कारोबार प्रभावित हो रहा है।



दुकान व मकान तंदूर बने हुए हैं, जिनके अन्दर बैठना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बिजली की आंख मिचौनी व ओवर लोड के कारण होने वाले फाल्ट से लोग बेहाल हैं। भीषण गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों व बीमार लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग कई-कई बार नहा रहे हैं। गृहणियों को खाना बनाना दुश्वार हो रहा है।

### कूलर, पंखों व लस्सी की बिक्री बढ़ी

**भीषण गर्मी के कारण कूलर व पंखों के साथ-साथ लस्सी, शिकंजी, कोल्ड ड्रिंक आदि पेय पदार्थों की बिक्री में तेजी के साथ वृद्धि हो रही है। 24 घेटे बिजली पाने के लिए बहुत से लोगों ने अपने घरों पर सोलर पैनल भी लगवा लिए हैं।**

### सड़क किनारे खड़े वृक्षों को काट दिये जाने से लोग परेशान

**सड़क का चौड़ीकरण करने के लिए बिजनौर रोड पर फादरसन पब्लिक स्कूल से धनौरा रोड पर जेपी पब्लिक स्कूल तक सड़क किनारे खड़े सैकड़ों पेड़ काट दिये जाने से जहां दुकानदारों को अपनी दुकानों में बैठ पाना मुश्किल हो रहा है, वहीं पेड़ काट दिये जाने से सबसे अधिक परेशान पेड़ों के नीचे रेहड़ी लगाने वाले व राहगीर हो रहे हैं।**

# घंटों कड़ी धूप और भीषण गर्मी में बेसुध पड़ा रहा शराबी

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। क्षेत्र के हीमपुर दीपा बस स्टैंड पर हर समय शराबियों का हुड़दंग रहने से राहगीरों विशेष कर महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, फिर भी पुलिस अनजान है। रविवार को ऐसा ही एक मामला उस समय देखने को मिला जब कुछ युवक झूमते हुए यात्री प्रतीक्षालय पर पहुंचे और वहीं डेरा जमाकर बैठ गए। उन्होंने खूब मस्ती की, इसी दौरान उनका एक साथी बेसुध होकर गिर पड़ा, जिसे अकेला छोड़कर वह चलते बने। तपती धूप और भीषण गर्मी में वह घंटों पड़ा रहा। उसे न कपड़ों की सुध रही, न तन की। उसके मुंह के अंदर-बाहर ढेरों मक्खियां भिन-भिनाती रहीं। उसकी हालत देख वहां लोगों की भीड़ जुटने लगी। कुछ जागरूक युवकों ने उसके ऊपर पानी डलवाया, तब कहीं जाकर उसे होश आया। वह कुछ देर बड़बड़ाया, कपड़े दुरुस्त किये और जाते-जाते कह गया कि उसके सारे पैसे गायब हैं। उधर, आसपास के दुकानदारों का कहना है कि यहां तो रोज-रोज ही शराबियों का हुड़दंग रहता है, जिन्हें रोकने-टोकने वाला कोई नहीं।



# आइसक्रीम बेचकर लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**अम्हेड़ा ( चिंगारी )।** बिजनौर-नूरपुर हाईवे पर गांव अम्हेड़ा में एक सड़क दुर्घटना में आइसक्रीम बेचकर घर वापस आ रहे एक युवक को तेज रफ़्तार एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवाया। जानकारी के अनुसार गांव अम्हेड़ा निवासी जमील अहमद का करीब 22 वर्षीय पुत्र अब्दुल्लाह आइसक्रीम बेचकर अपने घर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कल देर शाम करीब आठ बजे जब वह अपने गांव अम्हेड़ा के समीप पहुंचा तो एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि कार चालक की तलाश की जा रही है।

# गांव के पास गुलदार नज़र आने से रात भर जागे ग्रामीण



**चांदपुर ( चिंगारी )।** खादर क्षेत्र में ग्राम जमालुद्दीनपुर से मात्र कुछ कदम की दूरी पर पुलिया पर गुलदार बैठा दिखाई देने से दहशत फैल गई। गुलदार के गांव के नजदीक दिखाई देने से ग्रामीण देर रात तक जागते रहे। ग्राम जमालुद्दीनपुर निवासी जालम सिंह ने बताया कि रात्रि लगभग 10 बजे उनके रिश्तेदार को धनौरा से सब्जी की गाड़ी लेकर सरधना मंडी जाना था। वह अपने रिश्तेदार को खाना देने के लिए कार से पांडवनगर पुलिस चौकी जा रहे थे, तभी उन्हें गांव के नजदीक पुलिया पर गुलदार बैठा दिखाई दिया। कार में सवार जालम सिंह व अन्य लोगों ने गुलदार की वीडियो बना ली। जालम सिंह ने बताया कि उन्होंने उसी समय वन विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया था, लेकिन खबर देने के बाद भी कोई वहां नहीं पहुंचा। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सावधानी बरतने, अकेले जंगल न जाने तथा अपने बच्चों पर ध्यान दिए जाने का आह्वान किया। मालूम हो कि इससे पूर्व भी बास्टा रोड, धनौरा रोड आदि स्थानों पर रात्रि के समय गुलदार दिखाई दे चुका है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है।

### मोटरसाइकिल से जाते, तो हो सकती थी अनहोनी

**जालम सिंह ने बताया कि वे पहले मोटरसाइकिल से जाना चाह रहे थे, लेकिन न जाने क्यों उन्होंने मोटरसाइकिल से जाने की बजाए कार से जाना तय किया। यदि वे मोटरसाइकिल से जाते तो कोई अनहोनी हो सकती थी।**

# 20373 बच्चों को पिलाई गई पोलियो ड्रॉप्स



प्राइमरी स्कूल में बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाते शिक्षक व स्वास्थ्य कर्मी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रविवार को अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में लगाए गए कुल 140 पोलियो बूथों पर शून्य से 5 वर्ष तक के 20373 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक प्रमोद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ये सभी बूथ ब्लॉक क्षेत्र के स्कूलों, पंचायत घरों आदि पर लगाए गए थे, जहां शिक्षकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों आदि ने बच्चों को उनके घरों से बुला-बुलाकर पोलियो ड्रॉप्स पिलाई है। प्रमोद शर्मा ने बताया कि आज सोमवार 29 जून से 3 जुलाई तक टीमें डोर टू डोर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाएंगी और इस अभियान में 6 जुलाई को बी टीमें अपना काम करेंगी।

# पीपलेश्वर मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर हुए धार्मिक अनुष्ठान

**नगीना ( चिंगारी )।** श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन पूजा-अर्चना व हवन यज्ञ कराया गया। नगर के मोहल्ला साहूवान, पाधान व मनिहारी सराय के तिराहे पर स्थित सैकड़ों वर्ष पुरानी प्राचीन सिद्धपीठ मंदिर पीपलेश्वर महादेव का पिछले दिनों श्रद्धालुओं ने जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण किया गया था। मंदिर में मूर्तियों की स्थापना के लिए प्राण-प्रतिष्ठा के लिए आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को पंडित आचार्य पंकज देवरानी द्वारा पूजा अर्चना का कार्य संपन्न कराया गया। धार्मिक अनुष्ठान में अनूप गुप्ता, शालिनी गुप्ता, भारत भूषण मित्तल, सरिता मित्तल, राजेश गोयल, मुकेश त्यागी, शालिनी अग्रवाल, संजय अग्रवाल, निधि अग्रवाल, अवधेश शर्मा, गौरव अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल, मोहित ठाकुर, अरविंद अग्रवाल, मनी शर्मा, सीमा अग्रवाल समेत सैकड़ों श्रद्धालु रहे।



# मेडिकल अस्पताल परिसर से मरीज की बाइक चोरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज परिसर में दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोर ने अस्पताल परिसर से मरीज की बाइक चोरी कर फरार होने में सफलता हासिल कर ली, जबकि परिसर में हर समय सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं।

मंडावर थाना क्षेत्र के गांव काजीवाला निवासी मिलन दीप 23 जून को अपने कंधे की चोट का उपचार कराने के लिए महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक इमरजेंसी वार्ड के बाहर खड़ी कर दी और उपचार के लिए अंदर चले गए। जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। बाइक नहीं मिलने पर मिलन दीप ने अस्पताल प्रशासन को घटना की जानकारी दी। इसके बाद अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक व्यक्ति उनकी बाइक ले जाता हुआ दिखाई दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर संबंधित थाने में देकर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। मिलन दीप ने बताया कि इससे पहले भी उनकी एक बाइक चोरी हो चुकी है, जो आज तक बरामद नहीं हो सकी है। अब दूसरी बाइक चोरी होने से वह बेहद परेशान है। उधर, अस्पताल परिसर में सुरक्षा गार्डों की तैनाती के बावजूद चोरी की इस घटना ने सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है।



# बर्दाश्त नहीं होती, अघोषित विद्युत कटौती

## कभी भी ज्वालामुखी बनकर फूट सकता है क्षेत्रवासियों का गुस्सा

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** दिन प्रतिदिन बढ़ रही गर्मी के बीच अघोषित विद्युत कटौती से क्षेत्रवासी खून के आंसू रोने को मजबूर है और स्थानीय विद्युत कर्मचारी, अधिकारी हैं कि इस समस्या का समाधान तो दूर, उपभोक्ताओं की समस्या को सीधे मुंह सुनने तक को तैयार तक नहीं हैं। इस परेशानी से तंग आ चुके क्षेत्रवासियों के गुस्से का यह आलम है कि वह किसी भी दिन विद्युत विभाग के खिलाफ ज्वालामुखी बनकर फूट सकता है। दरअसल, लगातार बढ़ रही गर्मी से लोग हाल बेहाल हैं। हर रोज आसमान से आग बरस रही है। दिन निकलने से लेकर दिन छिपने तक लोग भीषण गर्मी के चलते बैचेन हो रहे है। फिल्ड में काम करने वाले लोगों का काम करना मुहाल हो गया है, जबकि घरों में रहने वाले बच्चे व महिलाएं भी बिजली कटौती के चलते पसीना-पसीना हो रहे हैं। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अघोषित विद्युत कटौती का कोई पुरसाने हाल नजर नहीं आ रहा। बढ़ते तापमान के बीच खून जला देने वाली गर्मी के चलते क्षेत्र में



बिजली की भारी कटौती को अधिकारी, कर्मचारी मात्र यह कहकर पीछा छुड़ा ले रहे हैं कि बारिश होने से पहले तक ओवरलोड, लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान टेड़ी खीर है। मेघपुर के प्रधान पति मौ. रिजवान, जिकरीवाला के प्रधानपति वहीदुर्रहमान, नाबका के ग्राम प्रधान मुस्तकीम मलिक आदि कई ग्राम प्रधान अपने अपने गांवों के परेशान हाल ग्रामीणों के साथ विद्युत कटौती से तंग आकर शनिवार को देर रात्रि में ही अफजलगढ़ बिजली घर पर पहुंच गए थे, जहां पहुंचने से पहले उन्हें लाइन खराब होने की बात बताई गई थी, मगर इन लोगों का आरोप है कि लाइन खराब नहीं थी बल्कि बिजली घर से ही बिजली सप्लाई बंद कर रखी थी, जिसे ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद चालू किया गया। उधर इस संबंध में एसडीओ अफ़ज़लगढ़ ऋषिकांत गौंड का कहना है कि फिलहाल बिजली की समस्या पूरे प्रदेश में ही कहीं कम कहीं ज्यादा चल रही है, फिर भी हम प्रयासरत हैं कि समस्या का समाधान हो।

# झेरे के पानी में डूबने से हुई वंश की मौत

## परिजनों का आरोप - वंश को किसी ने धक्का दिया



घर के बाहर वंश का शव रखकर जांच की मांग करते हुये परिजन व अन्य ग्रामीण।

**नहटौर (चिंगारी)।** नलकूप के झेरे में गिरे वंश की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत होना पाया गया है। वहीं परिजनों का आरोप है कि वंश को किसी ने जान-बूझकर धक्क दिया है। जिससे उसकी मौत हुई है। मौके पर पहुंचे राजस्व अधिकारियों ने भी परिजनों से वार्ता की और दैवीय आपदा के अंतर्गत शासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। बता दे कि शनिवार को मौहल्ला नौधा निवासी 13 वर्षीय वंश पुत्र धर्मेंद्र धामपुर रोड स्थित गांगन गगान के पुल के पास स्थित बाग में गया था, जहां पर वह अचानक नलकूप के झेरे में गिर गया। जिसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक वंश अपने मात पिता का इकलौता पुत्र था। वह अपनी 6 बहनों का एक मात्र भाई था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में वंश की मृत्यु का कारण डूबने से मौत होना बताया गया है। रविवार को मृतक वंश के परिजन मौहल्लेवासियों के साथ नहटौर थाने पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि वंश को किसी ने धक्का दिया है, पहले उसकी गिरफ्तारी की जाए उसके बाद ही वंश का अंतिम संस्कार होगा। प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने परिजनों से वार्ता की और शासन से चार लाख का आर्थिक मुआवजा दिलवाने का भरोसा दिलाया। जिस पर परिजन मृतक का अंतिम संस्कार करने के लिए ले गये।

# प्रजापति महासंघ की ब्लॉक कार्यकारिणी गठित

## सचिन कुमार अध्यक्ष, लाखन सिंह महामंत्री बने




**नहटौर (चिंगारी)।** रविवार को ग्राम समसपुर निवासी पदम कुमार प्रजापति के आवास पर हुई राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ की बैठक में आकू ब्लॉक की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन हुआ, जिसमें सचिन कुमार निवासी ग्राम समसपुर को ब्लॉक अध्यक्ष, लाखन सिंह प्रजापति शेखुपुरा को महामंत्री, खानचंद्र प्रजापति बिलासपुर को संरक्षक, जगमोहन सिंह प्रजापति शादीपुर को उपाध्यक्ष, वेद प्रकाश सिंह पाडली को संगठन मंत्री, ऋषिपाल सिंह समसपुर को कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार प्रजापति निवासी ग्राम समसपुर, राजेंद्र कुमार प्रजापति समसपुर तथा भूदेव सिंह प्रजापति बिलासपुर को सदस्य चुना गया। बैठक में जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह प्रजापति, महासचिव अरुण कुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष रामगोपाल, जिला कोषाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, संगठन सचिव मनजीत सिंह, जिला प्रचार मंत्री हुकम सिंह, महावीर सिंह, भूदेव सिंह, पतराम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नया कानून लाने का विरोध किया

**खासपुरा (चिंगारी)।** खालसा इंटर कालेज नूरपुर की प्रबंध समिति ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा तख्त श्री हजूर साहिब बोर्ड एक्ट 1956 को रद्द करने नया कानून लाने के विरोध किया है। कालेज के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह व प्रबंधक कुलवंत सिंह ने कहा महाराष्ट्र सरकार द्वारा तख्त श्री हजूर साहिब बोर्ड एक्ट 1956 को रद्द कर नया कानून लाने के फैसले को सिख समाज की धार्मिक भावनाओ से खिलवाड़ और गुरुद्वारा प्रबंधन पर सरकारी नियंत्रण स्थापित करने का सीधा प्रयास है। इससे गुरु घरों के स्वतंत्र प्रबंधन पर बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। तख्त श्री हजूर साहिब बोर्ड एक्ट 1956 को रद्द करने के विरोध में खालसा कॉलेज के कोषाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह राजू, अमृत सिंह सरपंच, हरविंदर सिंह सीटू, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह रागी, गुरदीप सिंह भगत जी, कुलदीप सिंह दीपा, एडवोकेट मनेंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मासूम वंश की मृत्यु अत्यंत दुःखद, हरसंभव सहायता दिलाई जाएगी : विधायक ओम कुमार



**नहटौर (चिंगारी)।** नगर नहटौर के मोहल्ला नोधा निवासी धर्मेन्द्र सिंह के सुपुत्र रूपचंद उर्फ वंश की गहरे झेरे में गिर जाने से हुई मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर विधायक ओम कुमार उनके निवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर जिला आपदा प्राधिकरण के अंतर्गत पीड़ित परिवार को यथाशीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार एवं प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ा है तथा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक ने दिवंगत मासूम की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी मंडल नहटौर के अध्यक्ष वैभव गोयल, जिला मंत्री भाजपा बिजनौर तिलकराज सैनी, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, गोपाल सैनी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# जर्जर हैं बिजली के तार, दुर्घटना के आसार

**नहटौर (चिंगारी)।** एसडीओ को दिए शिकायती पत्र में सभासद महफूज, मोहम्मद फैजान, इरफान अहमद, ताजमीर हुसैन, खलील अहमद, बब्बू, सरदार अहमद आदि ने बताया कि श्री चामुंडा मंदिर मार्केट के आगे इंतजार वकील साहब के मकान के सामने बिजली के तार में 25 मीटर में चार जगह जोड़ लगे हुए हैं। जिस कारण तार जर्जर होने के कारण टूट चुका है, जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही व्यस्ततम इलाका होने के कारण कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। उन्होंने जल्द से जल्द तार बदलवाने की मांग की है।



एसडीओ को ज्ञापन देते हुये सभासद।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी : पुलिस ने चंपत राय से की लंबी पूछताछ, बयान दर्ज

## बैंक पहुंची टीम ने जब्त किए कुछ कागजात

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। पुलिस ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से पूछताछ करके उनके बयान दर्ज किए हैं। बंद कमरे में घंटों तक हुई बातचीत में चढ़ावे की गिनती, सुरक्षा व्यवस्था, दान की प्रक्रिया और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं पर सवाल किए गए। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान पुलिस ने ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों और कर्मचारियों के भी बयान दर्ज किए हैं। जांच एजेंसी चढ़ावे के संग्रह, गिनती और बैंक में जमा करने की पूरी प्रक्रिया की पड़ताल कर रही है। उधर, पुलिस की एक टीम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अयोध्या धाम ब्रांच पहुंची। इसी ब्रांच में राम मंदिर का खाता है। यहां के दो कर्मचारी रत्नेश चतुर्वेदी और गगनदीप आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की निगरानी के लिए लगाए गए थे। गिरफ्तार आरोपियों में से छह आरोपी इसी बैंक के आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं, जो चढ़ावा गिनने और उसके बाद चढ़ावे को बैंक में जमा करवाने की ड्यूटी पर तैनात थे। इसमें अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष यादव, रमाशंकर आदि हैं।



### हद से अधिक दबाव बनने पर दिया इस्तीफा

चढ़ावा चोरी का मामला उजागर होने के बाद से ही ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और अनिल मिश्रा सवालों से घिरे हुए थे। 20 दिनों तक मामले में लीपापोती होती रही। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पदाधिकारियों से इस्तीफा मांगा गया था, लेकिन वह देने को तैयार नहीं हो रहे थे। जब दबाव हद से अधिक हो गया, तब जाकर इस्तीफा दिया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने इस संबंध में पत्र जारी किया था। इसमें ये भी लिखा था कि इस्तीफे पर न्यास की अगली बैठक में चर्चा की जाएगी। इसको लेकर अब सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पूरे मामले में कदम-कदम पर खेल किया गया। कार्रवाई में देरी की गई। पहले मामला दबाया गया, फिर बमुश्किल एसआईटी का गठन हुआ और 20 दिन बाद एफआईआर हुई। यही हाल जिम्मेदारों के इस्तीफा देने में हुआ। तीन हफ्ते बाद इस्तीफा दिए गए। वहीं अब उस कार्रवाई के लिए भी दो हफ्ते से अधिक टाल दिया गया है, क्योंकि बैठक 11 जुलाई को होगी।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार, पूछा- इतनी जल्दबाजी क्यों ?

**अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एक बड़ी खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिका दायर करने वाले से सीधा सवाल पूछा कि आखिर इसमें इतनी जल्दी किस बात की है। अब यह मामला कोर्ट की छुट्टियां खत्म होने के बाद ही सुना जाएगा।**



राम जन्मभूमि ट्रस्ट पर पैसों के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया गया है। इसी आरोप को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई थी। याचिका दाखिल करने वाले व्यक्ति ने मांग की है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज की जाए। उनका कहना है कि ट्रस्ट के पैसों में कुछ गड़बड़ी हुई है और इसकी जांच होनी चाहिए। याचिकाकर्ता ने सिर्फ एफआईआर दर्ज करने की मांग नहीं की, बल्कि एक और बड़ी मांग रखी है। उन्होंने कोर्ट से कहा है कि इस मामले की जांच एक विशेष टीम से कराई जाए। यह टीम सीबीआई के अधिकारी की अगुवाई में बनाई जाए। साथ ही याचिकाकर्ता चाहते हैं कि यह जांच कोर्ट की निगरानी में हो, यानी कोर्ट खुद इस पर नजर रखे। इसके अलावा उनकी मांग है कि जांच के लिए एक तय समय सीमा रखी जाए ताकि मामला लंबे समय तक लटका न रहे। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया तो याचिकाकर्ता ने इसे तुरंत सुनने की अपील की थी। उन्होंने कोर्ट से कहा था कि इस मामले को जल्दी सुना जाए और तुरंत आदेश दिया जाए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि इस मामले में आखिर इतनी जल्दबाजी किस बात की है। कोर्ट का मानना था कि इस याचिका को तुरंत सुनने जैसी कोई बड़ी वजह नजर नहीं आ रही। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला अभी तुरंत नहीं सुना जाएगा। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इस याचिका को तब सुना जाएगा, जब कोर्ट छुट्टियों के बाद फिर से खुलेगा। यानी अभी इस मामले में सुनवाई के लिए इंतजार करना होगा।

# जनपद की प्रतिभाओं को सम्मानित किया

## बिजनौर प्रतिभाओं की धरती- जियाउल अंसारी

**नहटौर ( बिजनौर )।** स्वर्गीय हाजी अल्लाह दिया अंसारी फाउंडेशन द्वारा नहटौर में आयोजित 'फ़ख़्र-ए-बिजनौर अवार्ड 2026' एवं 'भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ईगल ऑफ एजुकेशन अवार्ड' सम्मान समारोह संपन्न हुआ। समारोह का उद्देश्य जनपद बिजनौर की उन प्रतिभाओं को सम्मानित करना था जिन्होंने शिक्षा, चिकित्सा, खेल, प्रशासन, पत्रकारिता, सामाजिक सेवा एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व प्रमुख सचिव एवं पूर्व आईएएस अधिकारी श्री आर.के. सिंह रहे। संस्था के अध्यक्ष ज़ियाउल हसन अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति उसकी प्रतिभाओं को पहचानने, प्रोत्साहित करने और सम्मानित करने में निहित होती है।



समारोह के दौरान जनपद के 21 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 68 मेधावी विद्यार्थियों को, जिन्होंने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में अपने-अपने विद्यालयों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, 'भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ईगल ऑफ एजुकेशन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में दैनिक चिंगारी के मुख्य संपादक सूर्यमणि रघुवंशी को नामित किया गया। वहीं राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर बिजनौर का नाम रोशन करने वाले पर्व चौधरी, हिमांशु कुमार चौधरी, दिव्या यादव, निष्ठा गुप्ता, राहुल चौधरी एवं तुषार चौधरी को 'फ़ख़्र-ए-बिजनौर अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ वेटलिफ्टिंग कोच करण सिंह चौधरी, सोशल मीडिया एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रसिद्ध निधि शर्मा (सिटी न्यूज़), बॉडी बिल्डर जर्रार अहमद, कॉमेडियन ईश्वर शरण, सौगात सिंह, सरदार जगप्रीत सिंह फलोदिया तथा प्रियांशु कुमार (रायपुर) को 'राइजिंग स्टार ऑफ फ़ख़्र-ए-बिजनौर' सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुकेश कुमार गुप्ता (सर्राफ) ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास तथा उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन शमीम ब्लॉग्स ने अपने विशेष अंदाज़ में किया, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने भरपूर सराहना की।

# आओ रे मानसून !



बीता सूखा जून, कहां जा छिपे,
अरे मानसून?
बड़ा यह सवाल हो गया।

प्यासे जंगल बाग बगीचे,
जल का संकट कैसे सींचें?
धरती मैया प्यासी प्यासी,
सोन चिरैया हुई उदासी,
आओ बुझाओ प्यास, रे !
हमको तुम्हारी ही आस।
क्या घन कंगाल हो गया?

भीषण गर्मी टपके पसीना,
तपन कर रही मुश्किल जीना,
पड़ी धरा में बड़ी दरारें,
आओ बारिश सभी पुकारें !
सुनो जरा ये पुकार,
कर रहे सब प्राणी नर-नार।
हाल बेहाल हो गया।

पूजा प्रार्थना मान मनौती
हवन कीर्तन आरती होती
बारिश हो अब सबकी चाहत
इससे ही मिल पाएगी राहत
कृपा करो जगदीश
हम जोड़ें हाथ, झुकाएं शीश।
ये कैसा अकाल हो गया?



-डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल'
धामपुर, उत्तर प्रदेश

# तेलीस्रोत नदी पर निर्मित डबल लेन पुल का लोकार्पण

## क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी-ऋतु खंडूडी


कोटद्वार के किशनपुरी-चिलरखाल मोटर मार्ग पर तेली स्रोत नदी पर बने पुल का प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने किया लोकार्पण।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के कोटद्वार-किशनपुरी-चिलरखाल मार्ग पर तेली स्रोत नदी पर निर्मित 30 मीटर स्पान डबल लेन पुल का लोकार्पण किया। लगभग 2 करोड़ 37 लाख की लागत से निर्मित यह पुल क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करेगा। पुल के निर्माण से क्षेत्रवासियों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में कोटद्वार विधानसभा में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। यह पुल किशनपुर, त्रिलोकपुर, लोकमणिपुर, रामदयालपुर, हल्दुखाता, मनदेवपुर, दलीपपुर सहित आसपास के अनेक गांवों के निवासियों को मुख्य बाजार से जोड़ेगा और वर्षाकाल में तेली स्रोत नदी के जलस्तर बढ़ने के कारण होने वाली कठिनाइयों से क्षेत्रवासियों को राहत दिलायेगा। कहा कि सरकार की प्राथमिकता विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक बेहतर सड़क, पुल एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

लोकार्पण समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता विमला प्रसाद शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष आशीष रावत, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा शशि बाला केस्टवाल, सुमन कोटनाला, पार्षद राजेंद्र बिष्ट, पार्षद भैरव दत्त सती, पार्षद जे.पी. बहुखंडी, पार्षद अमित नेगी, कमल बिष्ट, सुधीर खंतवाल, हरि सिंह पुंडीर, अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह, महेश नेगी, मनीष भट्ट, आनंद घिल्डियाल और कुबेर जलाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, उनमें रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आईटीडीए कैल्क, अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज एवं बुराँश कोचिंग इंस्टीट्यूट द्वारा संयुक्त रूप से इंटर-बैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शतरंज, निबंध लेखन, कैरम, हस्तकला , सामान्य ज्ञान, चित्रकला, मेहंदी एवं रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर आईटीडीए कैल्क के निदेशक डॉ. नंद किशोर जखमोला ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आरव बिष्ट, निहारिका तथा शिवांशी ने, शतरंज प्रतियोगिता में अनुभव, हितेश तथा सौरभ ने, कैरम प्रतियोगिता में किरन, रश्मि तथा जिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा रंगोली प्रतियोगिता में श्वेता ने प्रथम एवं आयुषी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में रश्मि, पल्लवी तथा आरती, चित्रकला प्रतियोगिता में स्वर्णिम, आयुषी तथा हिमानी निबंध लेखन प्रतियोगिता में कुमकुम, योगेश तथा अंशिका, हस्तकला प्रतियोगिता में तृप्ति, शिवानी तथा सोनम क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर संस्थान के स्वाति कंडवाल, सौरभ घनसेला, नितेश रावत, अरविंद दुदपुड़ी, अनीता जखमोला, भारत सिंह रावत, अंशिका डंगवाल, कशिश, रजनी रावत, मोहित ठाकुर एवं सौरभ घनसेला आदि मौजूद रहे।

# राज्य आंदोलनकारी चिन्हीकरण का कार्य शीघ्र पूरा किया जाये

## आंदोलनकारी सम्मान परिषद की उपाध्यक्ष को दिया मांग-पत्र



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों की एक आवश्यक बैठक आईएसबीटी परिसर शहीद स्मारक में आयोजित की गई। बैठक में कहीं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू कोठारी मौजूद रहीं। उनका भव्य स्वागत करके राज्य निर्माण सेनानियों ने अपना छह सूत्रीय मांग पत्र भी उनको सौंपा। मांग पत्र में राज्य आंदोलनकारी के चिन्हीकरण में हो रही लेट लतीफी से राज्य निर्माण सेनानियों ने नाराजगी भी जाहिर की। श्रीमती कोठारी ने आश्वासन दिया कि वह जल्दी ही मुख्यमंत्री से मिलकर उक्त विषय पर वार्ता करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है मुख्यमंत्री राज्य आंदोलनकारी के हक में कार्य करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष डीएस गुसाईं, गंभीर मेवाड़, बलवीर सिंह नेगी, चंदन सिंह पवार, युद्धवीर सिंह चौहान, राजेंद्र कोठारी, जगदंबा भट्ट, जगदीश भट्ट, हरिप्रसाद सेमवाल, महेंद्र सिंह बिष्ट, विशंभर दत्त डोभाल, बृजेश डोभाल, धर्मराज पुंडीर, रुक्म पोखरियाल, हरि नंद सिंह, श्रीमती कुसुम लता शर्मा, श्रीमती सरोजिनी थपलियाल, उर्मिला डबराल, जयंती नेगी, शकुंतला नेगी, रविंदर कौर, चैता कंडवाल, मंजू भट्ट, बिरोजनी भट्ट, पुणे राणा, विशेश्वरी देवी, सुशील शर्मा, सुशील राणा, उर्मिला बिष्ट, रूपा दशमाना आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता बलवीर सिंह नेगी तथा संचालन डी एस गुसाईं द्वारा किया गया।

## आशीष सतीजा बने मीडिया संयोजक

**कोटद्वार ( चिंगारी )। नगर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आशीष सतीजा को मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी नगर अध्यक्ष प्रवीण भाटिया और महामंत्री नवीन गोयल ने उन्हें यह दायित्व सौंपा। नई जिम्मेदारी मिलने पर आशीष सतीजा ने कहा कि वह पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। भरोसा दिलाया कि व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।**

# नीट पेपर लीक के लिए जिम्मेदार शिक्षा मंत्री को हटाने की मांग

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन


राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने नीट पेपर लीक मुद्दे पर सरकार की हीला, हवाली और जिम्मेदारी से बचने को देखते हुए शिक्षा मंत्री की बर्खास्तगी और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर राष्ट्रपति को एक ज्ञापन प्रेषित किया। जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल व जयेंद्र रमोला ने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य से जुड़ा एनईईटी पेपर लीक मामला केवल एक परीक्षा का संकट नहीं, बल्कि व्यवस्था पर गंभीर सवाल है। लाखों छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन पेपर माफिया उनकी मेहनत पर पानी फेर देते हैं। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह एडवोकेट व चंदन सिंह पंवार ने कहा कि चाहे छात्रों के भविष्य का सवाल हो या युवाओं के रोजगार का, सरकार हर मोर्चे पर जवाब देह है। पेपर लीक की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई हो। उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन देने वालों में मदन मोहन शर्मा, महंत विनय सारस्वत, राकेश अग्रवाल, ललित मोहन मिश्रा, मदन शर्मा, एडवोकेट शैलेन्द्र सेमवाल, सूरत कोहली, अजय ठाकुर, भूपेंद कुकरेती, राजेंद्र कोठारी, पार्षद देवेंद्र प्रजापति, भगवान पंवार, सरोजनी थपलियाल, पुष्पा मिश्रा, रुकम पोखरियाल, ऋषि सिंघल, अशोक शर्मा, सिंघ राज पोसवाल, प्रवीण गर्ग, विनोद रतूड़ी, भूपेंद्र राणा, सुमित चौहान, विश्वजीत अधिकारी, रवि थापा, एड. मनोज पंवार, राकेश थपलियाल, हिमांशु कश्यप, आदित्य झा, कमलेश कुमार, तरुण त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने सामूहिक रूप से सुनी पीएम की 'मन की बात'

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के बूथ संख्या 67 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य धर्मवीर सिंह गुसाईं ने कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक एसएआर प्रक्रिया से वंचित न रहे। सभी कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी और सावधानी के साथ पात्र मतदाताओं के एसएआर फॉर्म भरवाने में सहयोग करें, ताकि प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। कार्यक्रम में नगर महामंत्री आदित्य त्रिपाठी, बूथ अध्यक्ष एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

**किराये हेतु**

एक दो मंजिल मकान में ऊपर के तीन कमरे, लॉबी, रसोई, दो बाथरूम किराये के लिये खाली हैं।
पता- श्री हॉस्पिटल के सामने श्री रामनगरी किरतपुर रोड बिजनौर (उ.प्र.)
संपर्क करें- 9719727284, 7060104019

# शुक्रताल : गंगा में डूबने से तीन युवकों की मौत

## मृतकों में दो युवक बिजनौर जनपद के

**मुजफ्फरनगर (चिंगारी)।** थाना भोपा क्षेत्र स्थित शुक्रताल गंगा घाट पर रविवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। गंगा में डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रेस्क्यू के दौरान पुलिस ने अपनी जान जोखिम में डालकर एक युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि तीन लोगों की गंगा में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सभी लोग गंगा पुल के पार उस स्थान पर स्नान कर रहे थे, जहां न तो कोई अधिकृत स्नान घाट है और न ही स्नान की व्यवस्था। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था केवल निर्धारित गंगा स्नान घाट पर की गई थी। मृतकों की पहचान राजन पुत्र बाबूराम (22 वर्षीय), निवासी फतेहपुर कला, जनपद बिजनौर। हिमांशु पुत्र सचिन, (18 वर्षीय) निवासी बिजवाड़ा, थाना बिनौली, जनपद बागपत। रागिनी पुत्र सोनपाल,(10 वर्षीय) निवासी हुरनंगला, थाना नगीना, जनपद बिजनौर के रूप में हुई। हादसे के बाद कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, एसपी देहात अक्षय संजय महाडिक एवं एसडीएम जानसठ लक्ष्मी लांबा घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों और मंत्री ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

### मुख्यमंत्री ने हादसे का संज्ञान लिया

मुजफ्फरनगर में नदी में डूबने की घटना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लिया। साथ ही अधिकारियों को पीड़ित परिजनों से मिलकर हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित इलाज करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें
CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231
डीलर- राघव ऑटोमोबाइल्स, नहटौर
मो. 6395545475 (प्रशांत कुमार)

DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
TRULY FANTASTIC fybros
Breezolit
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर